वर्ष-07, अंक - 78 | शुक्रवार 01 सितंबर 2023 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2021-23

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

■ इम्पेक्ट फीचर

### देश की अर्थव्यवस्था में साढ़े पांच सौ बिलियन डॉलर का योगदान देगा मध्यप्रदेश

# केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा बीते बीस सालों में शहरों से गांव की चौपालों तक पहुंचा विकास

## केंद्रीय मदद से हुआ आर्थिक सशक्त मध्यप्रदेश

**किसी भी राज्य की आर्थिक संपन्नता में केंद्र सरकार का सहयोग बहुत मायने रखता है। वर्ष 2004 से 2014 में तत्कालीन केंद्र सरकार की ओर से मध्यप्रदेश को 1 लाख 58 हजार करोड़ रुपए की राशि उपलब्ध कराई गई। वहीं वर्ष 2014 से 2023 के दौरान मध्यप्रदेश के हिस्से में 8 लाख 31 हजार करोड़ रुपए आए। विकास एक नजर में :-**

- जल जीवन मिशन 1.2 करोड़ घर और 60 लाख कनेक्शन।
- 80 लाख शौचालय निर्माण पूर्ण।
- 10 लाख 87 हजार गैस सिलेंडर।
- पीएम आवास योजना में 42 लाख लोगों को घर मिला।
- 2400 करोड़ से आदिशंकर का अद्वैत स्मारक तैयार हो रहा है। वहीं 3900 में से 2600 से ज्यादा अमृत सरोवर बनाए जा चुके हैं। इंदौर के बाद अब ग्वालियर में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण हो रहा है।
- प्रदेश की 46 लाख बेटियों को लाड़ली लक्ष्मी योजना और 53 लाख से अधिक महिलाओं को स्व-सहायता समूह से फायदा मिला है।
- उज्जैन में महाकाल कॉरिडोर का निर्माण हुआ है।
- जनजातीय वर्ग के लिए पेसा नियम लागू हुए हैं।
- प्रदेश में 1 करोड़ 36 लाख से अधिक लोग गरीबी रेखा से मुक्त हुए हैं।




केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह भोपाल के कुशाभाऊ कन्वेंशन सेंटर गरीब कल्याण महाअभियान में मध्यप्रदेश की शिवराज सरकार के 20 वर्षों का रिपोर्ट कार्ड (2003-2023 जारी करते हुए प्रदेश की 9 करोड़ जनता के सामने उनके कामों का हिसाब रखा है। मध्यप्रदेश ने पिछले दो दशक में विकास की जो रफ्तार देखी है, वह इस रिपोर्ट कार्ड के जरिए सामने आती है। इस दौरान गृह मंत्री ने बताया कि मध्यप्रदेश में भोपाल से लेकर हर चौपाल तक हॉलिस्टिक एप्रोच (समग्र दृष्टिकोण) से विकास कार्य हुआ है। मध्यप्रदेश को देश के विकसित राज्यों में पहुंचाने का प्रयास किया गया। इसमें कोई दो राय नहीं है कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की लगातार मेहनत और आमजन के प्रति लगाव ने मध्यप्रदेश को न सिर्फ प्रगति की ओर उन्मुख बल्कि आत्मनिर्भर बनाने में सफलता हासिल की है। रिपोर्ट कार्ड जारी करने के दौरान गृह मंत्री के साथ मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, सांसद वीडी शर्मा एवं प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा उपस्थित रहे।

मध्यप्रदेश के पिछले दो दशकों पर नजर डालें तो स्पष्ट रूप से नजर आता है कि इस दौरान बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य सड़क अर्थव्यवस्था सुशासन कानून और व्यवस्था सभी क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव हुआ है। इन 20 वर्षों में 10 साल प्रदेश के साथ-साथ केंद्र में भी भाजपा की सरकार रही। केंद्र की जितनी भी जनहितैषी योजनाएं शुरू की गईं, मध्यप्रदेश सरकार ने उन्हें न सिर्फ तत्काल प्रभाव से लागू किया, बल्कि कई मामलों में देश में सबसे बेहतर रिजल्ट भी दिए।

- वर्ष 2002 में मध्यप्रदेश का बजट 23 हजार करोड़ रुपए था, जो कि वर्ष 2023 तक 3 लाख 14 हजार करोड़ तक पहुंच चुका है। प्रदेश में शिक्षा के स्तर को बढ़ाने के लिए बजट को वर्ष 2002 के 2456 करोड़ के मुकाबले 38 हजार करोड़ तक पहुंचाया है। सर्व शिक्षा अभियान का बजट भी 844 करोड़ से 7 हजार करोड़ रुपए तक आ पहुंचा है।
- मेडिकल सीटों की संख्या 620 से बढ़कर 4 हजार तक पहुंच चुकी है। मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई हिन्दी में ।
- इन बीस वर्षों में 63 एकलव्य आदर्श विद्यालय बनाए जा चुके हैं। आईआईटी की संख्या 159 से बढ़कर 1014 तक जा पहुंची है।
- हेल्थ सेक्टर का बजट 580 करोड़ था, जो अब 16 हजार करोड़ तक पहुंच चुका है। इसके अतिरिक्त आयुष्मान भारत योजना के तहत प्रदेश में 3.6 करोड़ लाभार्थी पंजीकृत हैं, जिनमें से 30 लाख लोगों को इसका फायदा
- एससी-एसटी और ओबीसी का बजट जो दो दशक पूर्व मात्र 1056 करोड़ था, वर्तमान सरकार ने इसे बढ़ाकर 64390 करोड़ तक पहुंचा दिया है।
- 2002 में प्रति व्यक्ति आय 11700 रुपए थी, जो अब 1 लाख 40 रुपए हो चुकी है। ज प्रदेश में जितना विकास शिक्षा और स्वास्थ्य सेक्टर में हुआ है, उतना ही विकास उद्योग जगत में भी नजर आने लगा है। पहले जहां प्रतिवर्ष एमएसएमई रजिस्ट्रेशन 4297 उद्योगों का होता था, वहीं अब यह आंकड़ा बढ़कर 3 लाख 61 हजार 541 हो चुका है। प्रदेश में कृषि विकास दर साढ़े 6 गुना बढ़ी है। किसानों से गेहूं की खरीदी 4 लाख 38 हजार टन से बढ़कर 70 लाख 96 हजार मीट्रिक टन पहुंच चुकी है।
- किसान सम्मान निधि के तहत 91 लाख किसानों को 19 हजार करोड़ का फायदा अब तक पहुंच चुका है। वहीं फसल बीमा के तहत किसानों को 25 हजार करोड़ का लाभ मिला है। सिंचाई क्षमता 47 लाख हेक्टेयर तक पहुंची है।
- पूर्व में प्रदेश के 52 लाख परिवारों को राशन मिलता था, लेकिन अब पारदर्शिता से राशन 1 करोड़ 25 लाख परिवारों को पहुंच रहा है। प्रदेश में इस दौरान पर्यटन क्षेत्र में भी तेजी से विकास हुआ है। पहले प्रदेश में आने वाले पर्यटकों की संख्या 64 लाख थी, जो अब 9 करोड़ से अधिक है।
- रेलवे में 12 हजार करोड़ की लागत से 11 कॉरिडोर और 35 से ज्यादा रेलवे स्टेशन के साथ ही 3 नए एयरपोर्ट बनाए जा रहे हैं। इंदौर और भोपाल में मेट्रो का काम जारी है।
- प्रदेश में 4 हजार किमी के नए नेशनल हाइवे बनाए गए हैं। 5400 अरब रुपए से बनने वाले दिल्ली-मुंबई कॉरिडोर में इंदौर को शामिल किया गया है। 31 हजार करोड़ की लागत से 906 किमी लंबा नर्मदा एक्सप्रेस वे बनाया जा रहा है। वहीं 5 वित्तीय वर्षों में 72 हजार किमी सड़कों की लंबाई को बढ़ाया है।
- बिजली उत्पादन आवश्यकता से ज्यादा हो चुका है। प्रदेश के साथ ही अब बिजली की पूर्ति अन्य प्रदेशों को भी की जा रही है। प्रदेश का सबसे बड़ा सौर ऊर्जा प्लांट खंडवा में स्थापित होने जा रहा है। ऊर्जा क्षमता 29 हजार मेगावॉट से आगे पहुंच गई है।



## 20 वर्षों में बदला मध्यप्रदेश

मध्यप्रदेश में 5 लाख 10 हजार किलोमीटर सड़कें ग्रामीण सड़कों को मिलाकर बना दी गई हैं। पहले टुकड़ों-टुकड़ों में विकास होता था। कहा जाता था कि 25 हजार शौचालय बनाना है। अब कहा जाता है घर-घर शौचालय बनाना है, पहले आता था 10 हजार घरों में बिजली पहुंचाना है अब मोदी जी कहते हैं हर घर में बिजली होनी चाहिए, हर गरीब को घर मिलना चाहिए, हर गरीब को पीने का पानी मिलना चाहिए, हर गरीब के घर में गैस सिलेंडर पहुंचना चाहिए।

मैं मध्यप्रदेश की 9 करोड़ जनता को भरोसा दिलाता हूं कि आने वाले अमृत काल के समय में मध्यप्रदेश को देश के सबसे विकसित राज्यों की श्रेणी में रखने के लिए और संपूर्ण आत्मनिर्भर राज्य बनाने की दिशा में केंद्र और प्रदेश सरकार मिलकर काम करेंगे।

**– अमित शाह, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री**

## प्रदेश के गांवों के 60 लाख घरों में पहुंचने लगा नल से जल

समूचे प्रदेश के हर घर में नल-जल पहुंचाने का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। हर दिन अनेक गांवों में नल-जल सुविधा प्रारंभ हो रही है। अब तक 60 लाख परिवारों को नल से जल की सुविधा प्राप्त हो चुकी है। प्रदेश की 2 हजार 709 पंचायतों में शत प्रतिशत नल से जल पहुंच चुका है। इनमें से 1 हजार 127 पंचायतों को हर घर नल जल प्रमाणित भी किया जा चुका है। वहीं ग्रामों की बात करें तो 8 हजार 612 ग्राम शत प्रतिशत नल-जल ग्राम हैं, जिनमें से 3 हजार 653 ग्रामों को प्रमाणित किया जा चुका हैं। वही 25 हजार 290 ग्रामों में कार्य तेजी से प्रगतिरत है।

प्रदेश के 73 हजार 276 विद्यालयों (78 प्रतिशत) में नल से जल पहुंचाया जा चुका है। 12 जिलों के शत-प्रतिशत और 7 जिलों के 90 प्रतिशत से अधिक विद्यालयों में नल-जल सुविधा का विस्तार हो चुका है। साथ ही 42 हजार 614 आंगनवाड़ी केंद्रों (64 प्रतिशत) में नल-जल सुविधा पहुंच चुकी है। आठ जिलों के शत-प्रतिशत और 9 जिलों के 90 प्रतिशत से अधिक आंगनवाड़ी केंद्रों में नल से जल पहुंच चुका है। प्रदेश के 30 निकायों में नल से स्वच्छ जल पहुंचाया जा रहा है।



अगले 3 महीनों में प्रदेश के 20 निकायों में भी परियोजना पूर्ण कर जल प्रदाय प्रारंभ कर दिया जाएगा। मल जल के उचित निस्तारण के लिए मध्य प्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी द्वारा 28 निकायों में सीवरेज परियोजना पर कार्य किया जा रहा है। इनमें से नर्मदा नदी के किनारे बसे बुधनी और धर्मपुरी में सीवरेज परियोजना का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। धर्मपुरी सीवरेज परियोजना को उत्कृष्टता के लिए प्रतिष्ठित स्कॉच अवार्ड से भी नवाजा गया है। मध्यप्रदेश शहरी अधोसंरचना योजना में मिनी स्मार्ट सिटी के अंतर्गत 13 नगरीय निकायों को मिनी स्मार्ट सिटी के रूप में भी विकसित किया गया है।

### सवा करोड़ परिवारों को मिल रहा मुफ्त राशन

## 5 करोड़ से अधिक लोगों को मिल रहा मुफ्त राशन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गरीबों की आर्थिक स्थिति को देखते हुए गरीब कल्याण योजना की शुरुआत की, जिसके अंतर्गत गरीबी रेखा के कार्ड धारकों को निःशुल्क में राशन दिया गया। मध्यप्रदेश में इस योजना के तहत 1.2 करोड़ से ज्यादा राशन कार्ड बनाए जा चुके हैं, जिससे 5.1 करोड़ प्रदेशवासियों को लाभ मिल रहा है। फिलहाल यह योजना दिसंबर 2023 तक जारी रहेगी। गरीब कल्याण एवं कमजोर वर्ग के उत्थान के लिए यह योजना प्रधानमंत्री मोदी ने कोरोना महामारी के दौरान शुरू की थी। बाद में आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को इसका बड़ा फायदा देखते हुए योजना आगे के वर्षों के लिए भी बढ़ा दी गई। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 5 किलो राशन प्रति व्यक्ति प्रति माह निःशुल्क दिया जाता है। फिलहाल इस योजना का लाभ प्रदेश में 5 करोड 8 लाख हितग्राहियों को मिल रहा है। जल्द ही इसमें 38 लाख से ज्यादा अन्य हितग्राहियों को भी समाहित किया जाएगा।

### प्रदेश के 2 करोड़ से अधिक नागरिकों को भरपेट भोजन



## दीनदयाल अन्त्योदय योजना

मध्यप्रदेश में सरकार ने गरीब और जरूरतमंद लोगों को सस्ते में भरपेट और पौष्टिक खाना उपलब्ध कराने के लिए दीनदयाल अंत्योदय रसोई योजना की शुरुआत की है। 191 दीनदयाल अंत्योदय रसोई केंद्रों में अब तक 2 करोड़ 15 लाख से अधिक नागरिकों को मात्र 5 रुपए में भरपेट भोजन दिया जा रहा है। रसोई केंद्रों से प्रतिदिन 200 गरीबों को 5 रु. में भरपेट भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। योजना के तीन चरणों में 191 रसोई केन्द्रों का संचालन किया जा रहा है। इस योजना में प्रदेश के 52 जिला मुख्यालयों एवं 6 धार्मिक नगरी मैहर ओरछा और चित्रकूट में 191 रसोई केंद्रों का संचालन हो रहा है। तीसरे चरण में शुरु हुए 91 नये केंद्रों में 25 योजना के तहत हितग्राही से एक थाली राज्य शासन द्वारा 5 रुपए प्रति थाली के स्थान पर 10 रुपए प्रति थाली अनुदान दिया जा रहा है। योजना के तहत रसोई केंद्रों का संचालन नगरीय निकायों द्वारा किया जा रहा है।

### राज्य के 5.25 लाख मजदूरों को 22 योजनाओं का लाभ

# श्रमिकों के हितों और हकों के लिए प्रतिबद्ध मध्यप्रदेश की सरकार

**मजदूरों के लिए मुख्यमंत्री जन-कल्याण संबल योजना सहित 22 प्रकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के संचालन के साथ मध्यप्रदेश मजदूर परिवारों के हित में सर्वाधिक योजनाएं अमल में लाने वाला राज्य बन गया है। इन योजनाओं का लाभ देने के लिए श्रम सेवा पोर्टल काम कर रहा है।**

मुख्यमंत्री जन-कल्याण (संबल) योजना में पिछले डेढ़ दशक में 5 लाख 25 हजार मजदूरों को 4917 करोड़ रुपए की सहायता दी गई है। अब तक एक करोड़ 61 लाख मजदूरों का पंजीयन किया गया है। कोविड़ संक्रमण के कठिन समय में श्रमिक परिवारों को इन योजनाओं से भरपूर मदद मिली थी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देशों पर श्रमिकों के लिए प्रदेश में सर्वाधिक योजनाएं चलाई जा रही हैं। इनमें अनुग्रह सहायता, स्थाई एवं अस्थाई रूप से अपंग होने पर सहायता, मध्यप्रदेश श्रम कल्याण बोर्ड के अंतर्गत श्रमिकों को शैक्षणिक छात्रवृत्ति योजना, शिक्षा पुरस्कार योजना, रियायती मूल्य पर कॉपी वितरण योजना, कन्या विवाह सहायता योजना, कल्याणी सहायता योजना, मुख्यमंत्री जन- कल्याण प्रसूति सहायता योजना, कक्षा दसवीं और 12 वीं के लिए सुपर- 5000 योजना, सायकिल और उपकरण खरीदने के लिए अनुदान योजना, उत्तम श्रमिक पुरस्कार योजना, श्रमिक साहित्य पुरस्कार योजना, अनुग्रह सहायता योजना जैसी योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

## मजदूरों को आर्थिक मदद से मिला संबल

वित्तीय वर्ष 2022 में श्रम कल्याण मंडल की विभिन्न योजनाओं में 6646 श्रमिकों को 4 करोड़ 30 लाख 67 हजार रुपए की सहायता दी गई। चालू वित्त वर्ष में अब तक मंडल की विभिन्न योजनाओं में 2043 मजदूरों को एक करोड़ 41 लाख 18 हजार रुपए की सहायता दी गई है। इन योजनाओं प्रारंभ से अब तक 5 लाख 86 हजार मजदूरों को 35 करोड़ 77 लाख रुपए की सहायता दी गई। मध्यप्रदेश स्लेट पेंसिल कर्मकार कल्याण मंडल के माध्यम से 2008-09 से 2022-23 तक 17 हजार 274 श्रमिकों को 8 करोड़ 55 लाख रुपए की सहायता दी गई। मध्यप्रदेश भवन एवं संनिर्माण कर्मकार मंडल में दर्ज सभी कामगारों को सहायता दी जा रही है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में मंडल की विभिन्न योजनाओं में 34500 निर्माण श्रमिकों को 275 करोड़ का लाभ दिया गया। योजनाओं के प्रारंभ से अब तक 40 लाख 17 हजार हितग्राहियों को 2592 करोड़ रुपए के हितलाभ दिए गए।



## ओवरटाइम श्रमिकों की मर्जी से

प्रदेश में श्रमिकों को ओवरटाइम के लिए उनकी सहमति जरूरी है। श्रमिकों को न्यूनतम वेतन और महंगाई भत्ता दिया जाना तथा नियम अनुसार समय-सीमा में वेतन का भुगतान किया जाना आवश्यक है। कामगारों का स्वास्थ्य नियमित परीक्षण कराया जा रहा है। हाल में 35 शिविर लगाकर 7000 श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। विवाह सहायता, शिक्षा सहायता, सुपर 5000 कक्षा- 10, सुपर 5000 कक्षा-12, आवास, सायकल अनुदान, औजार उपकरण खरीदी योजना, अनुग्रह सहायता, रैन बसेरा निर्माण, रुपए सहायता 27 हजार प्रकरणों में दी गई। वर्ष 2008 से 2022-23 तक शैक्षणिक छात्रवृत्ति योजना, शिक्षा प्रोत्साहन योजना, विवाह सहायता योजना रियायती मूल्यों पर कापी, कल्याणी सहायता, उत्तम श्रमिक और श्रमिक साहित्य पुरस्कार के लिए 33 करोड़ 73 लाख की सहायता 5 लाख 83 हजार श्रमिकों को दी गई। असंगठित क्षेत्र में काम कर रहे मजदूरों के लिए असंगठित कर्मकार कल्याण मंडल संबल-2 में 20 लाख पंजीयन हो चुके हैं। असंगठित क्षेत्र में काम कर रहे 45 लाख से ज्यादा मजदूरों को 2510 करोड़ रुपए की सहायता दी गई है। इंदौर, भोपाल, जबलपुर और ग्वालियर में मजदूरों के बच्चों की शिक्षा के लिए श्रमोदय विद्यालयों का निर्माण तेजी से हो रहा है।

D16227/23

■ इम्पेक्ट फीचर

समयसीमा में सेवा और सुशासन स्थापित कर जनता का विश्वास गारंटी के साथ जीतने में मध्यप्रदेश की शिवराज सरकार सफल रही है। इसमें करीब तेरह साल पहले उठाए गए एक कदम लोक सेवा गारंटी कानून की अहम भूमिका रही है। अब तक 431 लोक सेवा केंद्र, 701 सरकारी सेवाएं और 9.66 करोड़ आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। मध्यप्रदेश की शिवराज सरकार ने 25 सितंबर 2010 को लोक सेवा गारंटी अधिनियम लागू किया था, इसने सरकारी सेवाओं को समयबद्ध बनाने में खास भूमिका निभाई है। हाल में इसके नतीजों को परखने के लिये आंकलन कराया गया तो यह आंकड़े सामने आए।

## सुशासन के लिए समयसीमा में सेवा देने के लिए प्रतिबद्ध शिवराज सरकार

# मध्यप्रदेश सरकार ने लोक सेवा गारंटी कानून के तहत किया 10 करोड़ शिकायतों का निराकरण

### संयुक्त राष्ट्र संघ भी मानता है इस कानून को अनूठा अधिनियम



मध्यप्रदेश का लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2010 देश का पहला ऐसा खास तरह का अधिनियम है, जो निर्धारित समय-सीमा में नागरिकों को सार्वजनिक सेवाओं के प्रदान की गारंटी देता है। अधिनियम ने वर्ष 2012 का यू.एन. पी. एस. ए. पुरस्कार जीता। लोक सेवाओं के वितरण में सुधार वर्ग में इस अधिनियम को संयुक्त राष्ट्र का वर्ष 2012 का लोक सेवा पुरस्कार भी प्राप्त हुआ है। मध्यप्रदेश ने 73 देशों से और 483 नामांकनों में से यह प्रतिष्ठित पुरस्कार जीता है। संयुक्त राष्ट्र का यह लोक सेवा पुरस्कार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सार्वजनिक सेवा में उत्कृष्टता की एक प्रतिष्ठित पहचान है तथा मध्यप्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता का सबसे बेहतर उदाहरण भी है।

### सुशासन के तीन पहलू : पारदर्शिता, जवाबदेही और समयबद्धता

किसी भी कल्याणकारी राज्य में सुशासन ही लोगों की पहली अपेक्षा होती है। इसमें भी तीन खास तत्व जुड़े होते हैं जो अपेक्षा को पूर्णता देते हैं। इन में हैं पारदर्शिता, जवाबदेही और समयबद्धता, इसीलिये यह साफ तौर पर नजर आने लगा है कि मध्यप्रदेश में लोक सेवा गारंटी कानून लागू होने के बाद व्यवस्था और नागरिकों के बीच कार्यवाहियों को लेकर पारदर्शिता बढ़ी है। सरकारी तंत्र भी ज्यादा संवेदनशील हुआ है। एक मर्तबा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस कानून की व्याख्या कुछ इस तरह की थी नागरिकों को निर्बाध सेवा मिलना न केवल उनकी अपेक्षा है, बल्कि उनका अधिकार भी है। इसलिए यह अधिनियम नागरिकों को अधिकार संपन्न बनाने का नया आयाम है।

### घर बैठे आवेदन और सरकारी सेवाओं की डिलीवरी

मध्यप्रदेश सरकार ने बदलते तौर तरीकों को आमजन की जरूरतों के मद्देनजर लोक सेवा गारंटी कानून को सिटीजन इंटरफेस से जोड़ दिया है। उल्लेखनीय है कि अब अधिकांश लोग कंप्यूटर पर ऑनलाइन काम को ज्यादा आसान समझते हैं। इससे समय भी बचता है और सरकारी दफ्तरों में आने-जाने का चक्कर भी बच जाता है। यह सुविधा आमजन और सरकारी सिस्टम, दोनों के लिये ही सुविधाजनक भी है। इसीलिए, सीएम इंटरफेस के जरिये घर बैठे ही संबंधित व्यक्ति आवेदन कर सकेगा तथा इसके जरिये लोक सेवा के दायरे की 60 सेवाओं की घर बैठे ही डिलीवरी भी ले सकेगा। इसी तरह सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिये सीएम डैशबोर्ड पोर्टल भी विकसित किया गया है। इसमें सरकार के 33 विभागों के 231 से ज्यादा डैशबोर्ड विकसित हो गये हैं। यहां उल्लेखनीय होगा कि गत माह जुलाई में नेशनल ई-गवर्नेंस सर्विसेज डिलीवरी असेसमेंट रिपोर्ट में मध्यप्रदेश को सर्वाधिक सेवा प्रदान करने के मामले में पहले पायदान पर रखा गया है। सिर्फ यही नहीं बल्कि पांच महीने पहले जब भोपाल में भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार व लोक शिकायत विभाग ने %गुड गवर्नेंस प्रेक्टिसेस% पर रीजनल कांफ्रेंस की, तब भी मध्यप्रदेश के सभी नवाचारों को खूब सराहना मिली। इस कांफ्रेंस में देश के कई राज्यों के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया था।

### एक दिन में किया जा रहा समस्याओं का समाधान

मध्यप्रदेश में नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रदेश सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। सरकार द्वारा समाधान एक दिन तत्काल प्रदाय सेवा की शुरुआत की गई। इस सेवा के जरिए नागरिकों की समस्याओं का एक ही दिन में समाधान किया जाता है। इस व्यवस्था के तहत सरकार द्वारा विभिन्न विभागों की 32 सेवाओं को एक कार्यदिवस में प्रदाय किया जा रहा है। इससे नागरिकों को काफी मदद मिल रही है। पहले जहां जनता को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए काफ़ी समय तक इंतजार करना पड़ता था लेकिन इस सुविधा के जरिए, अब एक ही दिन में उनकी समस्याओं का हल दिया जा रहा है। इस नई शुरुआत के जरिए अब तक प्रदेश के 2 करोड़ से अधिक नागरिक लाभान्वित हो चुके हैं।

### 701 सेवाओं में से 341 को किया जा चुका है ऑनलाइन

**सरकार** अब इसे ज्यादा से ज्यादा प्रभावशाली बनाने तथा इसमें सेवाओं का दायरा बढ़ाने के लिए भी विचार कर रही है। हालिया कोशिश इसकी बानगी है, क्योंकि जुलाई 2020 से जुलाई 2023 तक ही 262 अन्य सरकारी सेवाओं को भी इसके दायरे में लाया गया। इस तरह अब कुल 701 में से 341 सेवाओं को ऑनलाइन भी कर दिया गया है। यह अनोखा कानून सिटीजन चार्टर के उद्देश्यों को साकार कर रहा है।

### समाधान एक दिवस में...ऐसी 40 सेवाएं दी जा रहीं

उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश की सभी तहसीलों में लोक सेवा केंद्र हैं। इसका असर यह भी हुआ है कि विभागों या कुछ कर्मचारियों की टालमटोल करने वाली प्रवृत्ति पर भी अंकुश लग गया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इसी सोच के साथ यह कानून लागू किया था कि प्रदेशवासियों को सरकार की सेवाएं और सुविधा आसानी से मिलें । इसीलिए करीब 40 सेवाएं तो ऐसी हैं जो 24 घंटे में निराकृत करने के लिये समाधान एक दिवस के दायरे में रखी गई हैं। नतीजे बताते हैं कि अब तक करीब ढाई करोड़ से अधिक लोग इसके फायदा ले चुके हैं। ऐसे काम करता है कानून मध्यप्रदेश लोक सेवाओं के प्रदान की गारंटी अधिनियम 2010 का उद्देश्य सरकार द्वारा अधिसूचित सेवाएं आम नागरिकों को एक तय समय-सीमा में हर हाल में उपलब्ध कराना है। अधिकारी का यह दायित्व है कि वह ऐसी सेवाएं अधिसूचना द्वारा निश्चित की गई समय-सीमा में आवेदक को उपलब्ध कराए। इस प्रकार नागरिकों को सूचना के अधिकार की तरह सेवा का अधिकार भी प्राप्त हो गया है। अधिनियम के तहत रोज के कामों के लिये अधिसूचित सेवाएं नियत समय में मिलने की गारंटी है। समय-सीमा में काम न होने पर इसमें जुर्माने का प्रावधान भी है, जिसमें लोक सेवकों की जवाबदेही होगी। इस कानून में सेवा प्रदाय की मॉनीटरिंग का भी प्रावधान है। यानि आम नागरिकों में संतोष और सरकारी व्यवस्था के प्रति विश्वास पैदा करना। माना जाता है कि इस महत्त्वपूर्ण कानून ने अब लोक सेवाओं को प्राप्त करने के लिए आमजन के अक्सर सरकारी संस्थानों में याचक की तरह पहुंचने और गुहार लगाने के भाव को ताकत में बदल दिया है।



### सेवा प्रदान करने में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर दंड का भी प्रावधान

इस अधिनियम में सेवा प्रदान करने में लापरवाही बरतने वालों के लिए सेवा प्रदान करने में लापरवाही बरतने पर दंड का भी प्रावधान है। सूचना प्राप्त करने के हक की तरह अब अधिसूचित सेवाएं प्राप्त करना भी आम जनता का हक है। सेवा नहीं देने पर 5 हजार तक जुर्माना खास बात यह है कि इस कानून में जुर्माने का प्रावधान सरकारी सेवकों को ज्यादा जिम्मेदार बना सका है। क्योंकि मध्यप्रदेश में अब हर सेवा के लिए एक समय अवधि तय है। जो अधिकारी अपने कर्तव्यों का पालन करने में विफल रहता है और सेवाओं को समय पर प्रदान नहीं करता, उसे प्रति दिन 250 रुपये से लेकर अधिकतम पांच हजार रुपये तक की रकम का भुगतान जुर्माने के रूप में करना पड़ रहा है।

### आवेदकों को असुविधा झेलने पर प्रावधान के अनुसार दिया जाता है मुआवजा

जब नागरिक को समय पर अधिसूचित सेवा प्राप्त नहीं होती तब वह प्रथम अपीलीय प्राधिकारी के पास अपील कर सकते हैं। यदि प्रथम अपीलीय प्राधिकारी के निर्णय से नागरिक असंतुष्ट रहता है तो वह दूसरे अपील प्राधिकारी के पास अपील दायर कर सकता है। ऐसे अधिकारियों के खिलाफ दूसरे अपीलीय प्राधिकारी को जुर्माना लगाने के और अनुशासनात्मक कार्रवाई के आदेश देने का अधिकार है। यानी अधिकारी पर जुर्माना लगाया जाता है तथा आवेदकों को असुविधा झेलने के कारण मुआवजे का भुगतान किया जाता है।

### शासन में आए राष्ट्र-प्रथम का भाव: सीएम



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के नौ साल पूरे कर लिए हैं। सबसे वंचितों को गरीबी के चंगुल से ऊपर उठाया गया है और आर्थिक विकास के प्रमुख चालक के रूप में उभरे हैं। पिछले नौ वर्षों ने भारत की सुप्त क्षमता को उजागर किया है और राष्ट्र-प्रथम के आदर्श वाक्य को शासन के मूल में लाया है। कल के सपने आज की हकीकत बन रहे हैं। 1.4 अरब भारतीयों की अटूट शक्ति ने निडर होकर हमें सभी प्रतिकूलताओं से बाहर निकाला है। हर क्षेत्र में कई संरचनात्मक परिवर्तन हुए हैं। पिछले नौ वर्षों में भारत ने वैश्विक मंच पर सबसे शक्ति शाली और लचीले देशों में से एक के रूप में अपना स्थान सुरक्षित किया है। भारत अब एक महाशक्ति के रूप में उभरने की दृढ़ यात्रा पर है, एक ऐसा राष्ट्र जिसकी आवाज में वजन है और सम्मान है, जिसे अंतरराष्ट्रीय मंच पर एक समान भागीदार के रूप में देखा जाता है। हम वास्तव भारत की क्षमता का दोहन कर रहे हैं, आने वाली पीढ़ियों के लिए एक समृद्ध और उन्नत राष्ट्र का निर्माण कर रहे हैं। सभी क्षेत्रों में हासिल किए गए मील के पत्थर का विहंगम दृश्य लेते हुए, पिछले नौ वर्षों का जश्न मनाने में हमारे साथ शामिल हों।

**- शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री, मप्र**

## 1.39 करोड़ छात्रों को मिला जाति प्रमाण-पत्र

**लोक** सेवा गारंटी के तहत सरकार ने जाति प्रमाण-पत्र जारी करने के लिए अभियान तेज कर दिया है। वहीं डीम्ड अप्रूवल यानि मान्य अनुमोदन की व्यवस्था ने भी योजना को नये तेवर दिये हैं। इस वक्त प्रदेश के सभी स्कूलों के छात्र-छात्राओं को जल्द से जल्द जाति प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराने का काम चल रहा है। बताया जाता है कि अब तक 1.39 करोड़ विद्यार्थियों को जाति प्रमाण-पत्र दिये जा चुके हैं। दरअसल, सरकार ने अनुभव किया कि प्रमाण-पत्र के लिये छात्रों को अक्सर परेशान होना पड़ता है, जबकि उन्हें उच्च शिक्षा और अन्य योजनाओं के लिये इसकी जरूरत सबसे ज्यादा होती है। इसलिए इसे लोक सेवा गारंटी में लिया गया। इसके जरिये अब छात्रों को डिजिटल हस्ताक्षरित रंगीन प्रमाण-पत्र जारी किये जा रहे हैं। इधर मान्य अनुमोदन की नयी व्यवस्था को जबर्दस्त गेमचेंजर की तरह भी देखा जा



रहा है। सेवाओं के तय समय-सीमा में निराकरण नहीं करने पर संबंधित नागरिक को पोर्टल से स्वतः ही अनुमोदन जनरेट हो जाता है । इस हालिया प्रावधान के बाद 26 लोक सेवाओं को डीम्ड दायरे में लिया गया है। राज्य सरकार ने आधार पंजीयन व सुधार के अलावा आयुष्मान भारत लाभार्थी कार्ड सेवा भी शुरू की है। इसका फायदा यह हो रहा है कि इन दोनों कार्ड के लिये एक ही केंद्र पर पहुंचकर आसानी से इनसे संबंधित काम करा पा रहे हैं।

## 181 में शिकायतों से तत्काल मिला महिलाओं एवं दिव्यांगों को संबल

मध्यप्रदेश सरकार ने तीन साल पहले महिलाओं को उत्पीड़न से बचाने, काउंसलिंग आदि के लिए सीएम हेल्पलाइन 181 से जोड़ा था। इसमें अब तक 58199 महिलाओं की शिकायतों का निराकरण किया गया है। बताया जाता है कि इस सेवा के तहत महिलाओं से संबंधित अपराधों व समस्याओं में तत्काल राहत पहुंचाई जा रही है। इस सुविधा की शुरूआत मुख्यमंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर की थी। इसी तरह अब दिव्यांगों के लिये भी लोक सेवा गारंटी के तहत %सुरक्षा



कवच% है। इसी वर्ष फरवरी से दिव्यांग हेल्पलाइन शुरू की गई है । इसमें छह महीने में ही 6793 शिकायतें प्राप्त हुई हैं और इनमें से 5512 का निराकरण भी हो चुका है।

### सीएम जनसेवा 181 : एक फोन कॉल, एसएमएस, व्हाट्सएप पर उपलब्ध हो रही जमीन की नकल, 3.97 लाख लोग उठा चुके फायदा

# सिंगल क्लिक पर मिल रही खतौनी और नक्शे की नकल

**मध्यप्रदेश** सरकार ने सरकारी की जकड़न व्यवस्था को परंपराओं से आजाद करने के जो प्रयास चला रखे हैं, उसका असर राजस्व विभाग से जुड़े उन कामों को आसान बनाने पर नजर आ रहा है, जिसकी जटिलता से आम आदमी को खासा दिक्कतें होती थीं। यानी जमीन- मकान की खसरा, खतौनी व नक्शा आदि। सरकार ने इसकी नकल टोल फ्री नंबर पर एक फोन कॉल से या एसएमएस - व्हाट्सएप पर उपलब्ध कराने की व्यवस्था शुरू की है, ताजा आंकड़े बताते हैं कि अब तक करीब चार लाख लोगों ने इस सुविधा का लाभ उठा लिया है। आधिकारिक जानकारी के मुताबिक सीएम जनसेवा 181 की



शुरूआत मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लोक सेवा गारंटी अधिनियम की 10वीं वर्षगांठ पर की थी। इसके पीछे मंशा यह थी कि स्थानीय निवास प्रमाण-पत्र, आय प्रमाण-पत्र, चालू खसरा की प्रतिलिपियां, खतौनी की प्रतिलिपि, चालू नक्शा की प्रतिलिपि और भू-अधिकार पुस्तिका की प्रतिलिपि स्पेसिमेन कॉपी सीधे 181 पर कॉल करके मांगी जाए। इसका फायदा अब तक 3.97 लाख लोग उठा चुके हैं। दरअसल, यह भी कहा जा सकता है कि राजस्व विभाग में नियमों व प्रक्रिया का एक बड़ा व अनिवार्य फेरा होता है। इसमें कई बार लोग खासे परेशान रहते हैं। हालांकि सरकार ने भी समय-समय पर राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली को सरकारी बताने के प्रयास किये हैं यह उसी का सुफल है कि अब लोक सेवा गारंटी के तहत यह सेवा जुड़ जाने से लोगों ने राहत की सांस ली है। खास बात यह है कि सीपीजीआरएएमएस पोर्टल पर केंद्र सरकार द्वारा प्रेषित मध्यप्रदेश से संबंधित सामान्य शिकायतों को भी सीएम हेल्पलाइन 181 पर दर्ज किया जाता है। फिर इन्हें संबंधित विभाग या जिलों को निराकरण के लिये भेजा जा रहा है। इन शिकायतों पर एक्शन की सतत निगरानी भी सीएम हेल्पलाइन 181 कर रही है। 3.97 लाख लोग इसका फायदा उठा चुके हैं

### सीएम जनसेवा 181



स्थानीय निवास प्रमाण-पत्र, आय प्रमाण-पत्र, चालू खसरा की प्रतिलिपि, खतौनी की प्रतिलिपि, चालू नक्शा की प्रतिलिपि और भू-अधिकार पुस्तिका की प्रतिलिपि स्पेसिमेन कॉपी सीधे 181 पर कॉल करके मांगी जाए।

भाद्रपद कृष्ण पक्ष-02, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07, अंक - 78 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल

01 सितंबर 2023 शुक्रवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम

28 अधिकतम

23 न्यूनतम



Page- 7

## अब कमर्शियल गैस सिलेंडर हुआ सस्ता

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

घरेलू एलपीजी सिलेंडर के बाद सरकार ने कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में भी कटौती की है। 19 किलो वाले एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 158 रुपये की कटौती आज हुई। इसके बाद दिल्ली में इस सिलेंडर की कीमत 1522 रुपये रह गई है। नए रेट आज से लागू हो गए हैं। पिछले महीने की पहली तारीख को भी कमर्शियल सिलेंडर की कीमत में 100 रुपये की कटौती की कई थी। उससे पहले जुलाई में इसकी कीमत में बढ़ोतरी की गई थी। ज्ञात हो कि सरकार ने रक्षा बंधन के मौके पर रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में भी 200 रुपये की कटौती की घोषणा की थी।



## सोमनाथ की मौजूदगी से फ्लाइट में बदला माहौल

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

चांद की सतह पर चंद्रयान-3 की सफलतापूर्वक लैंडिंग के बाद इसरो चीफ एस सोमनाथ इन दिनों सुर्खियों में है। वो भी जहां भी जा रहे हैं लोग उनके सम्मान में तालियां बजाते हैं और उनका स्वागत करते हैं। सोमनाथ जब इंडिगो की एक फ्लाइट से यात्रा कर रहे थे तो फ्लाइट में उनकी मौजूदगी देखकर ना सिर्फ यात्रा कर रहे अन्य लोग बल्कि एयरलाइंस क्रू भी उत्साहित हो गए तथा एयरहोस्टेस ने यात्रियों को फ्लाइट में इसरो चीफ के होने की सूचना दी तो तालियों की गड़गड़ाहट शुरू हो गई। इंडिगो की एयरहोस्टेस ने एनाउंस किया, देश के राष्ट्रीय नायकों का हमारी फ्लाइट में होना हमेशा गर्व की बात होती है। इस एनाउंसमेंट के बाद एक अन्य केबिन क्रू ने उन्हें खास तोहफा दिया।



## माहेश्वरी एसटीएफ के स्पेशल डीजी बने

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राज्य सरकार ने मप्र काडर के आईपीएस व अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विपिन कुमार माहेश्वरी को महानिदेशक के वेतनमान में पदोन्नत करते हुए एसटीएफ का विशेष महानिदेशक पदस्थ करने के आदेश आज जारी किये हैं।



## प्रोफेशनल्स कांग्रेस के समन्वयकों की बैठक



ऑल इंडिया प्रोफेशनल्स कांग्रेस के चेयरमेन शशि थरूर ने नेशनल कोआर्डिनेटर्स की बैठक ली इसमें मध्यप्रदेश से कोआर्डिनेटर मनोज सिंह मीक भी शामिल हुए।

### पूर्व राष्ट्रपति कोविंद की अध्यक्षता में समिति, मिलने पहुंचे जेपी नड्डा

# वन नेशन वन इलेक्शन पर बढ़ी सरकार मप्र में आगे खिसकेगी चुनाव की तारीख!

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

केंद्र की मोदी सरकार ने वन नेशन वन इलेक्शन के फार्मूले पर एक पुख्ता कदम और बढा दिया है। आज पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में 'वन नेशन, वन इलेक्शन' पर कमेटी बना दी गई है। कमेटी में कौन- कौन सदस्य होगा इसका नोटीफिकेशन दोपहर तक जारी हो सकता है। रामनाथ कोविंद का नाम सामने आने के बाद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दिल्ली स्थित उनके निवास पर जाकर मुलाकात की। यह कदम सरकार द्वारा 18 से 22 सितंबर के बीच संसद का विशेष सत्र बुलाए जाने के एक दिन बाद आया है, जिसका एजेंडा गुप्त रखा गया है। उल्लेखनीय है कि कुछ वर्षों से प्रधानमंत्री ने लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनावों को एक साथ कराने की वकालत मजबूती से की भी है। अब इस पर विचार करने के लिए रामनाथ कोविंद को जिम्मेदारी सौंपने का निर्णय, चुनावी दृष्टिकोण के मेजबान के रूप में सरकार की गंभीरता को प्रदर्शित कर रहा है। क्योंकि नवंबर-दिसंबर में पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं और इसके बाद अगले साल मई-जून में लोकसभा चुनाव होंगे।



### शिवसेना बोली-जनमत का ध्यान रखें, कांग्रेस के सिंहदेव सहमत

वहीं वन नेशन, वन इलेक्शन कमेटी के बारे में प्रतिक्रिया देते हुए शिवसेना (उद्धव गुट) के अनिल देसाई ने कहा, मुझे मीडिया के माध्यम से जानकारी मिल रही है. इस तरह की बातें फैलाना ठीक नहीं है। 5 राज्यों में चुनाव होने वाले हैं सरकार को ये देखना चाहिए कि देश के लोग क्या चाहते हैं, उनके मत को भी ध्यान में रखना चाहिए। वहीं छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने एक देश एक चुनाव के मुद्दे का समर्थन करते हुए कहा है कि व्यक्तिगत स्तर मैं एक देश एक चुनाव का स्वागत करता हूं. यह नया नहीं, पुराना ही आइडिया है।

### ऐसे साथ हो सकेंगे चुनावः समय से पहले भंग होंगी कुछ राज्यों की विस

**विकल्प 1:** कुछ राज्यों के चुनाव लोकसभा चुनाव के साथ ही होते हैं जबकि कुछ राज्यों में लोकसभा से कुछ महीने पहले या बाद में होते हैं। ऐसे में कुछ राज्यों में विधानसभा समय से पहले भंग करके और कुछ का कार्यकाल बढ़ाकर लोकसभा चुनाव के साथ ही चुनाव कराए जा सकते हैं। यदि यह फार्मूला बना तो मप्र,छग,राजस्थान में चुनाव की तारीख बढ भी सकती है। दरअसल, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, मिजोरम और तेलंगाना में विधानसभा चुनाव लोकसभा चुनाव से चार महीने पहले होने हैं। इसी तरह आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, हरियाणा, महाराष्ट्र, ओडिशा और सिक्किम में लोकसभा चुनाव के कुछ ही महीनों बाद होंगे। ऐसे में जिन राज्यों में पहले चुनाव होने हैं, उनका कार्यकाल बढ़ाया जाए और जहां बाद में चुनाव होने हैं, वहां समय से पहले विधानसभा भंग की जाए तो फिर अप्रैल-मई में लोकसभा चुनाव के साथ ही यहां विधानसभा चुनाव हो सकते हैं।

**विकल्प 2 :** कई राज्यों में विधानसभा चुनाव लोकसभा चुनाव के दो साल बाद खत्म होती है। ऐसे में दो फेज में चुनाव कराए जा सकते हैं, पहले फेज में लोकसभा के साथ ही कुछ राज्यों के विधानसभा चुनाव हो जाएं. और दूसरे फेज में बाकी बचे राज्यों के चुनाव हो जाएं. ऐसा होता है तो पांच साल में दो बार ही विधानसभा चुनाव होंगे।

## लोगो-संयोजक व केन्द्र के पैंतरे पर मुंबई में मंथन

**मुंबई, एजेंसी।**

इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल अलायंस यानि इंडिया की तीसरी बैठक में आज कांग्रेस समेत विपक्षी गठबंधन के 28 दल अपना 'लोगो' और कन्वीनर (संयोजक) का नाम चुनने पर मंथन कर रहे हैं। वहीं खबरों के मुताबिक इंडिया के 'लोगो'को तिरंगे के रंग में रंगने की तैयारी है। इसमें I.N.D.I.A का IN केसरिया रंग से, D पर सफेद रंग और IA पर हरा रंग हो सकता है। सभी दलों की सहमति के बाद लोगो रिलीज किया जाएगा।




### सीट शेयरिंग व संसद सत्र पर बन रही रणनीति

वहीं आज बैठक के विषय में केंद्र सरकार द्वारा संसद का विशेष सत्र बुलाने व वन नेशन वन इलेक्शन की दिशा में आगे बढने के इरादे जताने का मामला भी जुड़ गया है। विपक्षी दल इसे लेकर भी अपनी रणनीति पर प्रारंभिक बात कर सकते हैं। मुंबई के बाद जब अगले महीने फिर विपक्षी गठबंधन बैठक करेंगा तो इसे अंतिम रूप देगा। चुनाव समय से पहले होने की अटकलों के बीच गठबंधन सीट शेयरिंग पर जल्द से जल्द एक फॉर्मूले पर पहुंचना चाहता है। इसके लिए क्षेत्रीय स्तर पर कमेटियां बनाने की भी बात हो रही है। बैठक के पहले दिन 31 अगस्त को 28 दलों के नेताओं ने शिरकत की थी। उन्होंने कहा था कि वे देश और संविधान को बचाने के लिए साथ आए हैं। भाजपा से निपटने के लिए एक साझा प्रोग्राम तैयार किया जाएगा।

## नई रिपोर्ट से अडानी के हजारों करोड़ स्वाहा, एलआईसी भी चपेट में

**मुंबई एजेंसी।** आर्गेनाइज्ड क्राइम एंड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट्स की रिपोर्ट ने अडानी ग्रुप को जोरदार झटका दिया है।

अरबपति अडानी और उनके पोर्ट-टू-एनर्जी ग्रुप के खिलाफ इस रिपोर्ट में स्टॉक में हेरफेर के आरोप हैं। रिपोर्ट के सामने आने के बाद अडानी ग्रुप के शेयरों में गिरावट कल ही शुरू हो गई और देखते-देखते समूह के हजारों करोड़ रुपये स्वाहा हो गए, लेकिन इस रिपोर्ट के बाद भारतीय जीवन बीमा निगम अब फिर सुर्खियों में है क्योंकि इस बीमा कंपनी ने अडानी समूह की कंपनियों में निवेश किया है और ताजा गिरावट के बाद एलआईसी को करीब डेढ हजार करोड़ का फटका लगा है।



## केंद्रीय मंत्री के घर मर्डर युवक की हत्या से सनसनी

मंत्री के बेटे का दोस्त है मृतक

**लखनऊ, एजेंसी।**

केंद्रीय राज्य मंत्री और उप्र के मोहन लालगंज सीट से सांसद कौशल किशोर के लखनऊ स्थित घर पर युवक की हत्या के बाद सनसनी है। युवक की पहचान विनय श्रीवास्तव के तौर पर हुई। वह मंत्री के बेटे विकास का दोस्त था और उन्हीं के साथ रहता था। पुलिस ने मौके से सरकारी लाइसेंसी पिस्टल बरामद की है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर छानबीन शुरू कर दी है। ये वारदात केंद्रीय राज्य मंत्री के बेगरिया स्थित आवास पर हुई। यहां विनय की पिस्टल से गोली मारकर हत्या की गई। मौके पर पुलिस अफसर मौजूद हैं। पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। डीसीपी पश्चिमी लखनऊ राहुल राज का कहना है कि विनय श्रीवास्तव की गोली लगने से मौत हुई है, सिर पर भी चोट का निशान है। रात में 6 लोग आए थे, खाना-पीना हुआ इसके बाद गोली लगने से मौत हो गई।



*इसी घर में विनय की हत्या की गई है। पुलिस अंदर जांच-पड़ताल में जुटी है।*

**मंत्री बोले बेटा दिल्ली में:** घटना की जानकारी होते ही मंत्री कौशल किशोर मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि घटना के समय बेटा नहीं था। जब उनसे मीडिया ने पूछा कि घर में कौन-कौन था तो उन्होंने कहा कि मुझे नहीं पता। बेटा कल दिल्ली चल गया था। वो फ्लाइट से आ रहा है। वहीं, मीडिया ने जब कहा कि विनय आप लोगों के साथ कब से था तो उन्होंने कहा कि 2017 विधानसभा चुनाव से साथ रह रहा था।



## सिब्बल की एंट्री से उखड़ी कांग्रेस

**मुंबई।** विपक्षी दलों की बैठक में आज राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल की अप्रत्याशित एंट्री हुई तो कांग्रेस नेता नाराज हो गए। दरअसल सिब्बल बैठक में आधिकारिक आमंत्रित सदस्य नहीं थे। कई नेता फोटो सत्र में उनकी उपस्थिति से नाखुश नजर आए। महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने फोटो खिंचवाने से पहले सिब्बल के अचानक दौरे की शिकायत उद्धव ठाकरे से कर दी। हालांकि, फारूक अब्दुल्ला और अखिलेश यादव ने वेणुगोपाल को मनाने की कोशिश की और यहां तक कि राहुल गांधी ने भी कहा कि उन्हें किसी से कोई आपत्ति नहीं है।



## चंद्रयान ने बताया- चांद पर आया था 26 को भूकंप

**नई दिल्ली एजेंसी।** चंद्रमा पर चंद्रयान के विक्रम लैंडर पर लगे इंस्ट्रूमेंट ऑफ लूनर सीस्मिक एक्टिविटी पेलोड ने चंद्रमा की सतह पर भूकंप की प्राकृतिक घटना को रिकॉर्ड किया है। ये भूकंप 26 अगस्त को आया था। इसरो ने बताया कि भूकंप के सोर्स की जांच जारी है। इसरो ने यह जानकारी साझा की है। चांद के साउथ पोल पर सल्फर, एल्युमीनियम, कैल्शियम, आयरन, क्रोमियम, टाइटेनियम, मैगनीज, सिलिकॉन और ऑक्सीजन की मौजूदगी का पता लग चुका है। हाइड्रोजन की खोज जारी है। 23 सितंबर को चंद्रमा पर लैंडिंग के बाद चंद्रयान-3 का विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर धरती पर रोज नई जानकारी भेज रहे हैं। इसरो ने बताया- चंद्रयान-3 के लैंडर पर लगा पेलोड माइक्रो इलेक्ट्रो मेकैनिकल सिस्टम्स टेक्नोलॉजी पर आधारित है। ये पहली बार है जब चांद की सतह पर ऐसा इंस्ट्रूमेंट भेजा गया है। रोवर और अन्य पेलोड के चलने से चांद पर होने वाने कंपन को इस इंस्ट्रूमेंट ने रिकॉर्ड किया है।



**मेट्रो एंकर**

### कल सुबह 11.50 पर आदित्य एल-1 शुरू करेगा सफर...

# काउंटडाउन शुरू... चांद के बाद अब नजर सूरज पर

**नई दिल्ली, श्रीहरिकोटा, एजेंसी।**

चांद पर लैंडिंग के बाद अब भारत की नजर सूरज पर है। चंद्रयान-3 फिलहाल चंद्रमा के राज जानने में व्यस्त है और रोज नई जानकारी भी भेज रहा है। मगर कल सुबह 11.50 बजे सूर्य के सीक्रेट्स पता करने आदित्य-एल1 को भेजा जा रहा है। श्रीहरिकोटा के लॉन्चिंग सेंटर से आदित्य-एल-1 मिशन को लॉन्च किया जाएगा। इसरो ने लॉन्च की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। इसरो के अध्यक्ष एस. सोमनाथ का कहना है कि इसरो सौर मिशन 'आदित्य-एल1' के लॉन्च के लिए तैयार है। रॉकेट और सैटेलाइट रेडी हैं। हमने लॉन्च के लिए अभ्यास भी पूरा कर लिया है। काउंटडाउन भी आज सुबह 11.50 बजे शुरू कर दिया गया है। यह भारत का पहला सूर्य मिशन है। इसरो का आदित्य-रु1 मिशन क?या है, यह कितनी दूरी तय करेगा, उसमें कितना समय लगेगा इन सभी को लेकर सभी जगह उत्सुकता हैं। मून मिशन की तरह इसरो आदित्य-एल-1 की लॉन्चिंग का लाइव टेलीकास्ट करेगा। आदित्य-एल1 पर ऑन-बोर्ड कुल सात पेलोड हैं। इनमें से चार रिमोट सेंसिंग पेलोड्स हैं और तीन इन-सिटु पेलोड्स। आदित्य-एल1 के उपकरणों को मुख्य रूप से क्रोमोस्फीयर और कोरोना सौर वातावरण का निरीक्षण करने के लिए ट्यून किया गया है।



**यह है आदित्य को सूरज पर काम**

आदित्य एल1 अंतरिक्ष यान को सूर्य और पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण प्रणाली के लाग्रेंज पॉइंट 1 (Lv) के चारों ओर एक हेलो कक्षा में रखा जाएगा। यह जगह धरती से करीब 15 लाख किलोमीटर दूर है। फिजिक्स में, लाग्रेंज पॉइंट्स ऐसे पॉइंट्स होते हैं जहां, दो-पिंडो वाली गुरुत्वाकर्षण प्रणाली में, एक छोटी वस्तु को जब वहां रखा जाता है तो वह स्थिर रहती है। सूर्य और पृथ्वी जैसे दो-पिंड सिस्टम के लिए, लाग्रेंज बिंदु ऐसे ऑप्टिम पॉइंट्स बन जाते हैं जहां स्पेसक्राफ्ट कम ईंधन की खपत के साथ बने रह सकते हैं। सोलर-अर्थ सिस?टम में पांच लाग्रेंज पॉइंट्स हैं। लाग्रेंज बिंदु Lv वह है जहां आदित्य एल1 जा रहा है।

# नए मतदाता या गायब बीएलओ की सूचना पर ईनाम में फिल्म का टिकट

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

युवा मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने और उन्हें जागरूक करने के लिए अब जिला प्रशासन ने नयी व अनूठी पहल शुरू की है। इसके लिए युवाओं को मनपसंद फिल्म के टिकट दिए जाएंगे, उन्हें एक नहीं, बल्कि दो टिकट दिए जाएंगे। बस उन्हें ऐसे व्यक्तियों के नाम जिला प्रशासन को बताने होंगे, जो 18 साल के हो गए हैं, लेकिन उनका नाम मतदाता सूची में नहीं है। जबकि ऐसे व्यक्ति जिनकी मृत्यु हो गई हो या फिर जिनके नाम एक से अधिक बार सूची में जुड़े हैं, उनकी भी जानकारी दी जा सकती है।

प्रशासन ने इसके लिए वाट्सएप नंबर 99263-90491 जारी किया गया है।इस पर कोई भी व्यक्ति जानकारी देकर जिला प्रशासन से फिल्म के टिकट पा सकता है। बताया जाता है कि जिला निर्वाचन शाखा द्वारा पिछले एक महीने से मतदाता सूची शुद्धिकरण का काम किया जा रहा है, इसी के तहत यह नवाचार किया गया है। इसी तरह मतदान केंद्र पर ब्लाक लेवल आफिसर की उपलब्धता होने या न होने और मतदान केंद्र की स्थिति को लेकर भी जानकारी देने पर भी उपहार दिया जाएगा। ऐसे 50 आकर्षक उपहार तय किए गए हैं।



### 11 सितंबर तक दावे-आपत्ति

विस चुनाव हेतु तैयार हो रही मतदाता सूची के दावे-आपत्ति बुलाने का समय बढ़ा दिया गया है। पूर्व में इसकी आखिरी तारीख 31 अगस्त तय थी। इसे अब बढ़ाकर 11 सितंबर कर दिया गया है। दावे-आपत्ति की प्रक्रिया पूरी होने के बाद सूची का अंतिम प्रकाशन चार अक्टूबर को किया जाएगा।

### मास्टर प्लान पर किसानों का तर्क

# कैचमेंट बढ़ाया, खेती-किसानी की जमीन हाथ से चली जाएगी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रस्तावित मास्टर प्लान पर अलग–अलग आपत्तियां सामने आ रही है। शहर से लेकर गांव तक से ये आपत्तियां आ रही है। इनमें सबसे ज्यादा भूमि संबंधी है। इसके बाद प्रस्तावित सड़कों के रूट से भी लोग निराश है। लंबे समय बाद सामने आए मास्टर प्लान पर उम्मीद से अधिक आपत्तियां आ रही है, जो चिंता पैदा करने वाली है।

हालांकि अधिकारियों का कहना है कि जो भी आपत्तियां आ रही है, उन्हें दूर किया जाएगा। उसके बाद ही मास्टर प्लान के स्वरूप को लागू किया जाएगा। संशोधन के पहले उसमें जरूरी बदलाव किए जाएंगे।

अब भोपाल शहर के आसपास क्षेत्रों में रहने वाले किसान सामने आए हैं। इनका कहना है कि उनकी जमीन कैंचमेंट में डाल दी गई है। इसके कारण उनकी जमीन पर वह कुछ नहीं कर पाएंगे। ये किसान एकजुट हो गए हैं। इन्होंने गुरुवार को टीएडंसीपी कार्यालय पहुंचकर विरोध भी दर्ज कराया है।

### किसानों की आपत्ति

किसानों का कहना है कि राजस्व रिकार्ड में तालाब का क्षेत्र 2800 हेक्टर है, जिसे बिना किसी अधिसूचना के 42 प्रतिशत बढ़ाकर 3964 हेक्टर कर दिया है। बैरागढ़ से लेकर कोलूखेड़ी तक वार्ड नंबर 3 शहरी सीमा क्षेत्र है, जहां पर कैचमेंट 50 मीटर होना चाहिए। लेकिन नक्शे में इसे ग्रामीण क्षेत्र दर्शाकर अनुचित तरीके से 300 मीटर कर दिया है।




### अवैध निर्माण बढ़ेगा

विरोध व आपत्ति दर्ज कराने वाले किसानों का कहना है कि इंदौर रोड का विकास मास्टर प्लान प्रारूप 2020 के अनुसार रखा जाए और तालाब के आसपास की भूमि पर व्यवसायिक एवं आवासीय अनुमतियां दी जाए। जिससे विकास कार्य हो अवैध गतिविधियों को बढ़ावा ना मिले। इंदौर रोड के किनारे तालाब का कैचमेंट बैरागढ़ से लगा हुआ है, जहां पर बहुत आबादी घनत्व है। यदि यहां विकास अनुमति नहीं मिलती, तो यहां अवैध निर्माण बढ़ेगा।



### सफाई अभियान



भोपाल। राजधानी में नगर निगम ने छोटे तलाब में सफाई अभियान चलाया और स्वच्छता का संदेश दिया।

# 400 छात्रों को 12वीं के पूरक परीक्षा परिणाम में दिखाया अनुपस्थित

### अचानक बदल दिया था परीक्षा केंद्र, डीईओ कार्यालय की लापरवाही से अब विद्यार्थी परेशान

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय की लापरवाही के चलते 12वीं के करीब 400 बच्चों परेशानी का सामना है। परीक्षा में शामिल होने के बाद भी माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा हाल ही में जारी किए गए पूरक परीक्षा परिणामों में बारहवीं के करीब 400 विद्यार्थियों अनुपस्थित दिखा दिया गया है। परिणाम घोषित होने के बाद अब विद्यार्थी परेशान हो रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि माशिंम की दसवीं-बारहवीं की पूरक परीक्षाएं जुलाई में आयोजित की गई थी। परीक्षा में भोपाल का सरोजनी नायडू शिवाजी नगर को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। अचानक ही इस परीक्षा केंद्र को बदल दिया गया था। जिससे इस केंद्र पर पहुंचने वाले विद्यार्थियों को परीक्षा देने में परेशानी हुई। इन परीक्षा केंद्र के विद्यार्थियों का पेपर सुबह के बजाय परिवर्तित परीक्षा केंद्र में दोपहर में लिया गया था। परीक्षा केंद्र में लापरवाही का ठीकरा डीईओ अंजनी कुमार त्रिपाठी ने माशिमं के अधिकारियों पर फो?ा था। इस पूरी लापरवाही के बीच मंडल के पास इन बच्चों का सही डाटा नहीं पहुंचा। डाटा में मिसमेच होने के कारण इन विद्यार्थियों को अनुपस्थित बता दिया गया।

### डीईओ पर कार्रवाई के लिए लिखा पत्र ठंडे बस्ते में गया

मामले में पूर्व मंडल मंडल सचिव श्रीकांत बनोठ ने परीक्षा केंद्र में हुई लापरवाही को सिल-सिलेवार बताते हुए डीईओ त्रिपाठी पर कार्यवाही के लिए आयुक्त लोक शिक्षण अनुभा श्रीवास्तव को पत्र लिखा है। साथ ही पत्र में तीन दिन में अनुशासनात्मक कार्यवाही कर अवगत कराने के लिए भी कहा गया। लेकिन करीब सवा महीने बीतने के बाद भी डीईओ पर कार्यवाही नहीं की गई है। आयुक्त ने कार्यवाही करने के बजाय अपने स्तर पर जांच शुरू करवा दी। यह जांच भी बहुत धीमी चल रही है।

## 58 दिन अभिषेक के अनुष्ठान का विश्राम

**हिरदाराम नगर।** सैनिक कॉलोनी नुक्कड़ वाली माता मंदिर प्रांगण में सावन मास में लगातार 58 दिन शिवाभिषेक किया गया। पंडित बृजेश भार्ग आचार्य पंडित रवि पटेरिया के सानिध्य में विधि विधान के साथ पूर्णाहुति के साथ अभिषेक का विश्राम हुआ।

इस अवसर पर यजमान पूर्व जिला पंचायत के सदस्य विष्णु विश्वकर्मा विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री भूपेंद्र सिंह गुर्जर, कमल मनसुखानी, किशोर साधवानी, पूजन में शामिल हुए। पटेरिया ने कहा बड़े ही पुण्य आत्मा ऐसे धार्मिक आयोजन में सम्मिलित होते हैं प्रभु की कृपा के बिना कोई भी कार्य संभव नहीं है। विश्राम अवसर पर रूप कुमार सोनी, मेजर चौधरी बलराम सिंह मेहता व अन्य लोग मौजूद रहे।

## कच्छी गुजराती समाज के अध्यक्ष बने वाघेला

**हिरदाराम नगर।** गुजराती समाज कच्छी संतनगर की कार्यकारणी की घोषणा सर्वसम्मति से की गई, वासु वाघेला को अध्यक्ष, मोहनलाल मकवाना को महामंत्री बनाया गया। चेतन मयातरा उपाध्यक्ष, योगेश लोचाना सचिव, बब्लू चौहान एवं संतोष गोयल सहसचिव बनाए गए। कोषाध्यक्ष जीवतराम गोयल को बनाया गया। वहीं तुलसी मयातरा, घनश्याम वाघेला शीवन गोयल को सलाहकार बनाया गया है। नए अध्यक्ष वाघेला ने समाज की समस्याओं और कल्याण के कार्य करने की बात कही।

## गायों को दुर्घटना से बचाने अभियान जारी

**हिरदाराम नगर।** विश्व हिंदु परिषद, बजरंग दल का गोवंश सुरक्षा अभियान जारी है। जिला सह गोरक्षा प्रमुख संतोष यादव के साथ गायों को हाइवे पर दुर्घटना से बचाने के लिए रिपलेक्टर लगाए जा रहे हैं। अभियान में संतनगर के पीएनबी रोड, चंचल रोड, कुटिया के पास गायों को रिपलेक्टर लगाए गए। अभियान में बजरंग दल के जिला मंत्री भूपेंद्र सिंह गुर्जर, बल उपासना प्रमुख दयाराम मेर और रवि मराठ समेत अन्य कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।

# प्रदेश के 14 शिक्षकों का राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार-2023 के लिए हुआ चयन

### राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2022 के चयनित दो शिक्षकों का भी होगा सम्मान

### 5 सितंबर को राजधानी के आइकफ आश्रम में होगा कार्यक्रम

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार-2023 के लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने चयनित शिक्षको के नाम की घोषणा कर दी है। इस बार कुल 14 शिक्षकों का चयन किया गया है। जिसमें 8 प्राथमिक-माध्यमिक और 6 उच्चतर माध्यमिक शिक्षक हैं। इसके साथ ही राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2022 प्राप्त दो शिक्षकों रायसेन से नीरज सक्सेना और शाजापुर से ओमप्रकाश पाटीदार को भी समारोह में सम्मानित किया जाएगा। मप्र राज्य स्तरीय पुरस्कार-2023 का कार्यक्रम 5 सितम्बर को राजधानी भोपाल आइकफ आश्रम में आयोजित किया जाएगा। लोक शिक्षण संचालनालय ने कार्यक्रम को लेकर सभी संभागीय संयुक्त संचालक एवं संबंधित जिलों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। आदेश में कहा गया है कि राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार के लिए चयनित एवं गतवर्ष राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2022 प्राप्त शिक्षकों एवं उनके परिजन की उक्त समारोह में सहभागिता के लिए 4 सितंबर को शाम तक आइकफ आश्रम में उपस्थिति सुनिश्चित करें। सम्मानित होने वाले शिक्षकों को आयोजन के बाद एक्सपोजर विजिट कराया जाएगा। बता दें कि राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार-2023 के लिए प्रदेशभर से आए आवेदनों में से करीब 27 शिक्षकों का इंटरव्यू हुआ था।

**इनको मिलेगा राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कारः** प्राथमिक, माध्यमिक श्रेणी में पूजा पंवार, प्राथमिक शिक्षक बढ़वेली, जिला राजगढ़, तिलोतमा कटरे, प्राथमिक शिक्षक, बालाघाट, संध्या तंतुवाय, प्राथमिक शिक्षक, दमोह, शैलेन्द्र प्रताप सिंह, सहायक शिक्षक, इंदौर, सुनीता पाठक, सहायक शिक्षा, ग्वालियर, शरद कुमार पांडेय, माध्यमिक शिक्षक, सिंगरौली, विमल कुमार पटेल, माध्यमिक शिक्षक, दमोह का चयन किया गया है। वहीं उच्चतर माध्यमिक श्रेणी में राकेश कुमार शर्मा, उच्च माध्यमिक शिक्षक, मुरैना, राजेश राठौर, सीएम राइज स्कूल उच्च माध्यमिक शिक्षक, उज्जैन, मनीषा जैन, माध्यमिक शिक्षक, छिंदवाड़ा, शालिनी, माध्यमिक शिक्षक, सागर, अजय यादव, सहायक शिक्षक, बड़वानी, अशोक कुमार सक्सेना, हाई स्कूल प्राचार्य, उज्जैन का चयन हुआ है।

### 28 से 30 सितंबर को होंगे ऑपरेशन

## सेवासदन, जीव सेवा संस्थान का 98वां फ्री यूरोलॉजी कैंप 23 से

**हिरदाराम नगर।** सेवासदन नेत्र चिकित्सालय जीव सेवा संस्थान के सहयोग से 98वां निःशुल्क यूरोलॉजी शिविर 23 सितम्बर 2023 को आयोजित करेगा, जिसमें मूत्र व्याधियों से पीड़ित रोगियों के ऑपरेशन किए जाएंगे। कैम्प में पत्थरी, प्रोस्टेट बढ़ जाने, हायपोस्पीडिया आदि बीमारियों के निःशुल्क ऑपरेशन किए जायेंगे । रोगियों से पुराना चिकित्सा रिकॉर्ड और परिचय पत्र लाने की अपेक्षा की गई है। शिविर के पहले दिन 23 सितम्बर 2023 को रोगियों का पंजीयन, जांच और उपचार किया जाएगा। ऑपरेशन के लिए चिन्हित रोगियों को 26 एवं 27 सितम्बर 2023 को अस्पताल में भर्ती किया जाएगा। मरीजों के ऑपरेशन 28 से 30 सितम्बर 2023 तक किए जायेंगे।

## रस्साकशी में एटी की छात्राओं को गोल्ड

**हिरदाराम नगर।** अनन्दराम टी. शाहानी कन्या विद्यालय की एनसीसी कैडेट्स (एमपी गर्ल्स बटालियन) ने बंसल कॉलेज परिसर में आयोजित कैंप में हिस्सा लिया। कैंप कंमांडेंट कर्नल अमरजीत वासुदेव के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया, जिसमें 25 विद्यालयों के 800 एनसीसी कैडेट्स ने अलग-अलग गतिविधियों में भाग लिया। अनन्दराम टी. शाहानी कन्या उ. मा. विद्यालय के कैडेट्स ने रस्साकशी में स्वर्ण पदक हासिल किया । विद्यालय की 20 छात्राएं कैंप का हिस्सा बनीं। नवयुवक सभा की प्रबंध समिति, प्राचार्या व शिक्षिक-शिक्षिकाओं ने स्वर्ण पदक हासिल करने पर बधाई दी है।

**मेट्रो एंकर**

### वासुदेव मोही की पुण्यतिथि पर विचार और काव्य का रंग

# कवि वासदेव मोही ने नए लेखकों का किया मार्गदर्शन

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

सिंधी के वरिष्ठ साहित्यकार वासदेव मोही की पहली पुण्यतिथि पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मोही के चित्र पर पुष्प अर्पित कर आदरांजलि दी गई। साहित्यकारों-कवियों ने माही के व्यक्तित्व पर विचार व्यक्त किए। नारी लछवानी, कन्हैया शेवानी, राजेंद्र मनवाणी, अशोक मनवाणी ने कहा कि साहित्य क्षेत्र में कदम रखने वाले युवाओं को उपयोगी मार्गदर्शन दिया। वे गद्य और पद्य की सभी विधाओं में लिखने वालों को दिशा दे रहे। के के बिरला फाउंडेशन का प्रतिष्ठित सरस्वती सम्मान भी मोही साहब को मिला था

सिंधु भवन, शिवाजी नगर में मोहीजी की स्मृति में सिंधी कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सिंधु भवन न्यास के अध्यक्ष राजेंद्र मनवानी ने कवियों व अतिथियों का स्वागत किया । उन्होंने मोहीजी से जुड़े संस्मरण भी सुनाए। अशोक जमनानी, ने कवि सम्मेलन का संचालन किया। अध्यक्षता साहित्य अकादमी पुरस्कृत वरिष्ठ लेखक खीमन यू मूलाणी ने की।



प्रारंभ में जितेंद्र जादवानी, तुलसी नेनवानी, श्याम कुमार चंदनानी, भगवान देव इसरानी,जगदीश सहिता, शशि केसवानी आदि ने कवियों का स्वागत किया। कवि सम्मेलन में वरिष्ठ कवि भगवान बाबानी का कविता पाठ आधुनिक युग में लोक व्यवहार में आ रहे परिवर्तन को बयां करता था। कवि ओपी टहलियानी 'पखी' ने संवेदनाओं से भरपूर कविता सुनाई जिसमें मुस्कान का महत्व प्रतिपादित होता है। हर्षा मूलचंदानी 'सरिता' की कविता की धीर गंभीर प्रस्तुति थी।कवि और गायक नारी लछ्वानी, कन्यो मोटवानी, कन्यो शेवानी ने भी रचनाओं से वाहवाही लूटी। हास्य कवि बल्लू चोइथानी, संतनगर, महेश मूलचंदानी, नर्मदापुरम भी खूब जमे। वरिष्ठ कवि और गायक नारी लछ्वाणी ने बारिश का स्वागत रचना सुनाई।

कन्हैया मोटवानी 'मांदो',मनोज सोनी पंजवानी,साध्वी द्रौपदी धनवानीऔर द्रौपदी चंदनानी ने भी काव्य पाठ किया। इसी तरह मुरली बलवानी और अशोक जमनानी ने भी कविता पाठ किया। हरीश ज्ञानचंदानी ने न्यास की ओर से आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में भगवानदेव इसरानी, तुलसी नेनवानी, हरीश ज्ञानचंदानी, श्याम चंदनानी, किशोर तवानी, हरीश नागदेव, मनीष दरियानी, जगदीश संहिता, हरीश छाबड़िया, जितेन्द्र जादवानी एवं बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमी उपस्थित थे।

# श्रावणी: विप्रों ने सप्त ऋषि पूजन कर यज्ञोपवीत धारण किए



**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

विगत चालीस वर्षों से प्रति वर्ष आयोजित श्रावणी महोत्सव के अन्तर्गत स्थानीय जगदीश घाट पर सैकड़ो ब्राह्मण द्वारा आचार्य नीरजेश त्रिपाठी एवम आचार्य अशोक दुवे के मुख्य आचार्यत्व में हेमाद्रि संकल्प कर दशविध स्नान कर ,नमर्दा पूजन, देव तर्पण, ऋषि तर्पण, पितृ तर्पण कार्यक्रम संपन्न किया ,तदुपरांत नागेश्वर मंदिर प्रांगण में गौ पूजन ,गौरी गणेश पूजन तथा सप्तऋषियों का वेदमन्त्रों से आवाहन कर वैदिक परम्परानुसार बिधिबत पूजन किया इसके बाद यज्ञोपवीत पूजन कर गायत्री अनुष्ठान कर नवीन यज्ञोपवीत धारण कर होम हवन एवम भंडारा सम्पन्न कराया गया इस अवसर पर विप्र बटुकों का यज्ञोपवीत संस्कार भी सम्पन्न कराया गया।



### द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2023 अंतर्गत दावा-आपत्ति के लिए आवेदन करने की बढ़ाई तिथि

# मौका : मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने व संशोधन के आवेदन अब 11 तक

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

**कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा फोटो निर्वाचक नामावली के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2023 अंतर्गत दावा-आपत्ति के लिए आवेदन करने की तिथि बढ़ा दी गई है। अब कोई भी नागरिक मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए 11 सितंबर तक आवेदन कर सकता है।**

फोटो निर्वाचक नामावली के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2023 अंतर्गत दावा-आपत्ति के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पहले अंतिम तिथि 31 अगस्त निर्धारित की गई थी। अब11 सितंबर तक आवेदन कर सकते है.11 सितंबर तक प्रत्येक कार्य दिवस में बीएलओ मतदान केंद्रों पर उपस्थित रहेंगे मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण -2023 के अंतर्गत 11 सितंबर तक दावा-आपत्ति के आवेदन लिए जाएंगे। प्रत्येक कार्य दिवस पर कार्यालयीन समय में प्रदेश के सभी बीएलओ अपने-अपने मतदान केंद्र पर उपस्थित रहेंगे। मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए आए आवेदनों को प्राप्त करेंगे।

**ऑनलाइन कर सकते हैं आवेदन :** कलेक्टर सिंह ने बताया कि जिन नागरिकों का नाम मतदाता सूची में नहीं जुड़ा है वे ऑनलाइन आवेदन कर मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वा सकते हैं, इसके लिए नागरिकों को 1श्ह्लद्गह्म्.द्गष्द्ब.द्दश्1.द्बठ्ठ अथवा ड्डश्ह्लद्गह् ॥द्गद्यश्चद्यद्बठ्ठद्ग ब्कक्के माध्यम से आवेदन करना होगा। साथ ही जो नागरिक 01 अक्टूबर 2023 की तारीख पर 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहे हैं वे अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए 11 सितंबर तक अग्रिम रूप से आवेदन कर सकते हैं।

### मतदाता की सुविधा के लिए बनाया कॉल सेंटर

**नर्मदापुरम.** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश ने मतदाताओं की सुविधा के लिए राज्य स्तरीय कॉल सेंटर स्थापित किया गया है, जिसका टोल फ्री नंबर 180023301950 है। किसी भी प्रकार जानकारी, सहायता एवं शिकायत के लिए मतदाता कार्यालयीन समय पर टोल फ्री नंबर पर कॉल कर सकते हैं। यह पूरी तरह से निःशुल्क है। टोल फ्री नंबर के माध्यम से मतदाताओं की समस्या का त्वरित निदान किया जाएगा।राज्य स्तरीय टोल फ्री नंबर के साथ ही प्रदेश के सभी 52 जिलों में 1950 के कॉल सेंटर स्थापित किए गए हैं। मतदाता 1950 पर कॉल कर निर्वाचन से जुड़ी कोई भी जानकारी, शिकायत जिले में ही दर्ज करा सकते हैं। जिला स्तर पर ही उनकी समस्या का समाधान हो जाएगा। एक जिले से यदि कोई मतदाता दूसरे जिले के कॉल सेंटर पर फोन करते हैं तो उन्हें 1950 के आगे संबंधित जिले का एसटीडी कोड लगाना होगा। जिले में स्थापित किए गए कॉल सेंटरों की मुख्यालय स्तर से निगरानी भी की जा रही है।

## सहा. निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**नर्मदापुरम.** तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विधानसभा 137 होशंगाबाद ग्रामीण शक्ति श्री तोमर द्वारा फोटो निर्वाचक नामावली के द्वितीय विशेष पुनरीक्षण 2023 अंतर्गत 02 अगस्त 2023 से 11 सितंबर 2023 तक दावा-आपत्ति प्राप्त करने हेतु बी.एल.ओ. द्वारा मतदान केन्द्रों पर किये जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया गया। जिसके अंतर्गत मतदान केन्द्र क्रमांक 18,19 व्यावरा, मतदान केंद्र क्रमांक 20 पवारखेड़ा बस्ती, मतदान क्रमांक 21 पथौड़ी, मतदान क्रमांक 22 चंद्रपुरा एवं मतदान क्रमांक 140 निटाया के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। सभी मतदान केन्द्रों पर उपस्थित बी.एल.ओ. के कार्यों की समीक्षा कर फार्म 6.7.8 के संबंध में जानकारी ली गई तथा 18 वर्ष के नवीन मतदाता जोड़ने हेतु निर्देशित किया गया। फार्म 7 में मृत्यु प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से लगाने के निर्देश दिये तथा जेंडर रेशो बढ़ाने हेतु अधिक से अधिक महिलाओं को जोड़ने हेतु भी निर्देशित किया गया।



# लोवंशी समाज ने मनाई भगवान लवकुश जयंती



**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

भगवान राम के पुत्र लव और कुश के वंशज माने जाने वाले लोधा लोवंशी क्षत्रिय समाज द्वारा प्रतिवर्ष लवकुश जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई जा रही है।

इसी के चलते लोवंशी समाज के प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण लोवंशी के तत्वाधान में लव कुश भगवान की जयंती सिवनी मालवा जिला नर्मदा पुरम लोधा लववंशी क्षत्रिय मांगलिक भवन में मनाई गई। इस दौरान वरिष्ठ पदाधिकारी एवं युवा पदाधिकारी और समस्त सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा उपस्थित थे। सभी ने पूजन कर जयकारे लगाए।

### सभी ने पूजन कर जयकारे लगाए

# कामाख्या यात्रा के लिए 6 को तीर्थयात्री होंगे रवाना

### ओरिजनल आधार, वोटर कार्ड, कोविड वैक्सीनेशन प्रमाण पत्र, मास्क जरूरी

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत कामाख्या की यात्रा आगामी 6 सितम्बर को प्रस्थान करेगी।

उप संचालक सामाजिक न्याय नर्मदापुरम ने उक्त जानकारी देते हुए जिले के समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, नगरपालिका अधिकारी साडा पचमढ़ी को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्र में योजना का लाभ लेने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करे। प्राप्त आवेदनो में यह सुनिश्चित किया जाए की पूर्व में योजना का लाभ नही लिया गया है। प्राप्त समस्त आवेदन पत्र कार्यालय उप संचालक सामाजिक न्याय को 1 सितम्बर को सांय 6 बजे तक भिजवाना सुनिश्चित किया जाए। यात्रा 6 सितम्बर को इटारसी रेलवे स्टेशन से रवाना होगी। यात्रा में शामिल तीर्थ यात्रियों से कहा गया है कि वे अपने साथ ओरिजनल आधार कार्ड, वोटर कार्ड, कोविड वैक्सीनेशन प्रमाण पत्र की छायाप्रति, मास्क आदि के साथ यात्रा रवाना स्थल रेलवे स्टेशन इटारसी तक स्वयं अपने साधन से उपस्थित हो।



**मेट्रो एंकर** | बाजार में रक्षाबंधन के लिए खरीदी कर रही थी

# महिला का मंगलसूत्र लेकर भागते आरोपियों को पुलिस ने धरदबोचा

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

**अपने भाईयों के यहां राखी बांधने आई पूजा मोर्य निवासी शास्त्री वार्ड सुहागपुर जब रक्षाबंधन के एक रोज पहले सिवनी मालवा के मार्केट में खरीदारी कर रही थी उसी दौरान उनका मंगलसूत्र जिसमें सोने का पेंडल सहित 12 मोती लगे हुए थे अज्ञात व्यक्ति ने गांधी चौक के पास चमन स्टोर वाली गली में से लेकर भाग गया।**



बाजार में भीड़ अधिक होने के कारण चोरों ने इसका लाभ उठाते हुए नौ दो ग्यारह हो गए जब इस बात की शिकायत पूजा ने सिवनी मालवा थाना प्रभारी उषा मरावी को बताई तो उन्होंने तत्काल एसपी डॉक्टर गुरु करण सिंह एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी को बताई तो उनके निर्देशन पर एक टीम का गठन किया कर इस मामले में पुलिस द्वारा घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज में दो सांदेही व्यक्ति नजर आए जिनकी पहचान आदिल पिता शकील शाह उम्र 20 वर्ष निवासी पीर गली सिवनी मालवा मोहम्मद अफसाद उर्फ अलमदार उम्र 29 वर्ष निवासी पीर गली सिवनी मालवा से पूछताछ की गई तो उन्होंने उक्त घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। पुलिस को 24 घंटे के अंदर आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल हुई।

पुलिस ने इस पूरे मामले में लूट का मुकदमा कायम कर मंगलसूत्र बरामद कर आरोपियों के खिलाफ मामला पंजीबद किया। लूट की इस घटना का अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशुतोष मिश्र ने पत्रकारों के सामने खुलासा करते हुए जानकारी दी। इस पूरे घटनाक्रम में थाना प्रभारी उषा मरावी,उप निरीक्षक प्रवीण मालवीय, सहायक उपनिरीक्षक सुरजीत सिंह ठाकुर, प्रधान आरक्षक संदीप शर्मा,आरक्षक अशोक मीणा,राकेश मंडलोई,ललित हरने, संदीप दुबले,अतुल विश्वकर्मा,सुनील विश्वकर्मा,ओम जाट,जितेंद्र कुचबंदिया, राहुल राजपूत, हरिशंकर की विशेष भूमिका रही।

# पत्रकार यदुवंशी की मां का निधन



**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

नगर जाने माने पत्रकार के के यदुवंशी की माताजी और स्वर्गीय भीमसिंह यदुवंशी सिविल कोर्ट सेवा निवृत की पत्नी लीलावती यदुवंशी का गुरुवार शाम 8 बजे हृदय गति रुकने से निधन हो गया।जिनकी अंतिम यात्रा उनके निज निवास नर्मदा मंदिर मार्ग भीलपुरा से आज सुबह 8 बजे निकाली गई। अंतिम संस्कार नर्मदा तट बाबरी घाट पर किया गया। इस दौरान नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे वहीं स्थानीय पत्रकारों ने माता जी के स्वर्गवास पर एक श्रद्धांजलि सभा का भी आयोजन किया इस दौरान नगर के वरिष्ठ पत्रकार विजय सिंह ठाकुर,अजय सिंह ठाकुर,संतोष सिंह चंदेल, नंदकिशोर व्यास, राजा तिवारी,करण सिंह ठाकुर,राजू राठौर, राम दुबे,विनीत राठी,अमरदीप चौबे सहित अन्य लोग उपस्थित थे।






# लवकुश जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई, चल समारोह में झांकियां बनीं आकर्षण

## विधायक उमाकांत शर्मा भी भक्ति में झूमे, जगह-जगह हुआ स्वागत

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

नगर में लवकुश जयंती गुरुवार को बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई गई। दोपहर 1 बजे से छात्री नाका श्री हनुमान जी मंदिर पर पूजा अर्चना के बाद कुशवाह महासभा द्वारा शोभायात्रा प्रारंभ की जो शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए मंडी पर पहुंचकर संपन्न हुई। रथ पर भगवान लवकुश जी के स्वरूप मां सीता जी की झांकी के साथ ऋषि वाल्मीकि जी की झांकी सजाई गई । श्री राम दरबार में लव कुश अपना परिचय देने वाला भक्ति भाव से उत्प्रोत भजन गाते हुए चल रहे थे। दोनों के स्वरूप विराजमान थे जो सभी के लिए आकर्षण का केंद्र है। साथ ही हनुमान जी की बड़ी तस्वीर भी चल समारोह में शामिल थी पूरा माहौल भक्ति में नजर आ रहा था।





समाज के वरिष्ठ जन चल समारोह की अगवानी कर रहे थे। डीजे के धुन पर बज रहा है भजनों पर युवा झूमते नाचते चल रहे थे। प्राचीन संस्कृति का प्रदर्शन भी समाज जनों के द्वारा किया जा रहा था लाठी का प्रदर्शन भी किया गया। वहीं शोभायात्रा का स्वागत क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा ने कार्यकर्ताओं के साथ स्वागत किया वहीं भगवान की भक्ति में लीन होकर जमकर झूमते नाचते हुए भी नजर आए राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त नारायण कुशवाहा भी शोभायात्रा में शामिल हुए। कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भी शोभायात्रा का स्वागत किया इसके अलावा विभिन्न स्थानों पर विभिन्न समाज जन और समाजसेवी संगठनों के द्वारा भी पूजा अर्चना करके स्वागत किया चिलचिलाती धूप में भी शोभायात्रा में उत्साह के साथ समाज जैन शामिल हुए।

नगर एवं ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में समाज जन शामिल हुए शोभायात्रा छतरी नाके से होते हुए कस्टम पथ,कठाली बाजार, सराफा बाजार ,चांदनी चौक कोर्ट गेट, पुरानी बस स्टैंड, नगर पालिका होते हुए मंडी पर पहुंचकर संपन्न हुई जहां पर माह प्रसादी का वितरण भी किया

### आकर्षक झांकियों ने मनमोहा पूरे रास्ते में गूंजे जयकारे

चल समारोह में भगवान लव कुश के साथ माता जानकी जी तथा वाल्मीकि जी की झांकी को मनमोहन तरीके से सजाया गया था लव कुश जी के स्वरूप भी विराजमान थे इनके दृश्य देखते ही बना रहे थे। पूजा अर्चना स्वागत करने के लिए लोग पहले से पूजा की थाली लेकर खड़े हुए थे। रथ पर सजी झांकी देखते ही बन रही थी जिनका जगह-जगह समाजजनों समाजसेवी संगठनों ने पूजा अर्चना आरती करके स्वागत किया। विधायक उमाकांत शर्मा ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ चांदनी चौक में राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त नारायण कुशवाहा के साथ कुशवाहा महासभा के जिला अध्यक्ष सहित विभिन्न पदाधिकारी का स्वागत किया।

### संगठनों ने जगह-जगह किया पूजन और आरती

वहीं झांकियों की भी पूजा अर्चना करके जोरदार पुष्पवर्षा कर लोगों और संगठनों के द्वारा आरती की। इसके अलावा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश यादव के साथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी चल समारोह का स्वागत किया। साथ ही चुनाव में टिकट मांग रहा है दावेदारों ने भी अलग-अलग गुटों के साथ चल समारोह का स्वागत किया। इस दौरान नगर बड़ी संख्या में कुशवाहा समाज जन शामिल हुए।

# बहनों ने दिनभर भाइयों की कलाई पर बांधे रक्षा सूत्र, मंदिरों में रही भीड़



सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

बहन भाई की प्रेम और स्नेह के रूप में मनाए जाने वाला रक्षाबंधन का त्योहार नगर शालिग्राम विधानसभा में बड़ी हर्टू लाश के साथ मनाया दो दिन तक तोहार की धूम रही बुधवार को भाद्र पक्ष के कारण रात्रि 9 बजकर 3 मिनट के बाद बहनों ने भाइयों की कलाई पर रक्षा का सूत्र बांधकर जीवनभर अपनी रक्षा करने का वचन भी लिया बुधवार को रात्रि 9 बजे के बाद रक्षा सूत्र बांधने का सिलसिला प्रारंभ हुआ तो गुरुवार को भी दिनभर चला रहा सुबह घरों पर जल्दी पूजा अर्चना हुई उसके बाद राखी बांधी दी कई घरों में बुधवार को भी रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया गया साथ ही पूजा अर्चना के बाद भगवान को भी राखी अर्पित करने के लिए बड़ी संख्या में भक्तजन पहुंच जिसके चलते मंदिरों में भक्तों की भीड़ लगी रही साथ ही पेड़ों ,पुलो, वाहनों, सड़कों आदि को भी राखी बांधी गई दूसरी और बहनों के घर भाइयों का पहुंचने का सिलसिला दिन भर चलता है। उसकी वजह से यात्री बसों में जगह नहीं मिली तो निजी वाहनों से लोग आते जाते हुए नजर आए बहनों ने भाइयों को एक से बढ़कर एक पकवान बनाकर खिलाऐ बदले में भाइयों ने भी बहनों को उपहार दिए।

# एक-दूसरे को भुजरिया भेंट कर गलतियों के लिए मांगी माफी

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।



भुजरियों की पूजा अर्चना व आरती के बाद गुरुवार को शाम के समय इनको नदी, नाले के पास तोड़कर सबसे पहले भगवान को अर्पित किए और उनसे अपनी गलतियों की क्षमा मांगी। इसके बाद मित्रों व परिवारजनों को भुजरियां देकर साल भर हुई गलतियों के लिए क्षमा मांगने का कार्य भी किया गया।

प्राचीन काल से मान्यता है कि भुजरियां देखकर एक दूसरे से अपनी साल भर में हुई गलतियों की माफी मांगी जाती है। साथ ही बड़े छोटे बच्चों को उपहार भी देते हैं । भगवान को भी भुजारिय अर्पित करने से उनकी कृपा होती है। इस परंपरा को आज भी उसी उत्साह के साथ मनाया जाता है। नगर के विभिन्न स्थानों से समूह के रूप में भुजरियां है, निकली जहां पर महिलाओं ने विदाई गीत भी गए देर रात तक भुजरियां देने का सिलसिला चलता रहा।

# नवीन मतदाताओं ने ईवीएम से मतदान की जानी प्रक्रिया

रायसेन, दोपहर मेट्रो।

आगामी विधानसभा निर्वाचन-2023 में मतदाता सहज रूप से अपने मताधिकार का उपयोग कर सके, इसके लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविन्द कुमार दुबे के निर्देशानुसार जिले में मतदान केन्द्रों, सार्वजनिक स्थलों पर ईवीएम तथा वीवीपैट का प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी क्रम में स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय रायसेन, शासकीय कन्या महाविद्यालय रायसेन, शासकीय महाविद्यालय गैरतगंज सहित अन्य महाविद्यालयों में युवा तथा नवीन मतदाताओं के समक्ष ईवीएम तथा वीवीपैट का प्रदर्शन करते हुए मतदान करने की प्रक्रिया बताई गई। नवीन तथा युवा मतदाता भी मतदान प्रक्रिया सीखने को उत्सुक नजर आए तथा ईवीएम का बटन दबाकर मतदान प्रक्रिया देखी तथा ईवीएम की कार्यप्रणाली को भी जाना। इसके साथ ही युवा तथा नवीन मतदाताओं को उनके मताधिकार का महत्व बताते हुए विधानसभा निर्वाचन-2023 में मतदान दिवस को अनिवार्य रूप से मतदान केन्द्र जाकर बिना किसी भय, दबाव या लालच के स्वविवेक से नैतिक मतदान करने के लिए प्रेरित भी किया गया।

# साढ़े 6 फीट का मगरमच्छ मकान की गैराज में घुस आया , स्नेकर ने पकड़ा



सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

बरसात तो वैसे इतनी कम हुई है कि केथन भी खाली पड़ा हुआ है नदी नलो में पानी नहीं है इसके बाद भी बुधवार की रात्रि को बायपास मार्ग पर बने एक मकान की गेराज में साढे 6 फीट का मगरमच्छ आने से घर में रहने वालों के साथ आसपास के लोग भी दहशत में आ गए ।इसके बाद इसको पकड़ने वाले परवेज खान को बुलाया गया जिन्होंने पहुंच कर पहले तो कड़ी मशक्कत के बाद मगरमच्छ को पकड़ा फिर बन बिभाग के अमले के साथ इसको जंगल में छोड़ दिया गया सोचने वाली बात तो है कि इस समय पानी भी कई दिनों से नहीं गिर रहा है। दूर-दूर तक पानी नहीं है फिर भी यहां पर है मगरमच्छ कैसे आ गया ।



# मतदाता जागरूकता रथ के माध्यम से प्रचार-प्रसार

**सीहोर।** जिले में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिले की चारों विधानसभा में मतदाता जागरूकता प्रचार रथ के माध्यम से पूरे जिले में भ्रमण कर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। प्रचार रथ के माध्यम से मतदाताओं को ईवीएम के के माध्यम से मतदान करना एवं उसका उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी जा रही है और मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। प्रचार रथ के माध्यम ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीन के संबंध में नागरिकों को जानकारी दी जा रही है।प्रचार रथ के माध्यम से 31 अगस्त को आष्टा में एवं ग्रामीण क्षेत्रों में प्रदर्शन कर मतदाताओं जागरूकता किया जा रहा है। इस श्रृखला में शासकीय माध्यमिक स्कूल ग्राम खड़ी में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। प्रचार रथ जिले के अनेक ग्रामों में भ्रमण कर मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक कर अभियान का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

**मेट्रो एंकर** | जिम्मेदार बेखबर, विकास के दावों की खुली रही पोल

# कजरियाई गांव तक सड़क नहीं, ग्रामीण परेशान



सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

एक तरफ सरकार आजादी का अमृत महोत्सव मना रही है विकास के बड़े-बड़े दावे किए जा रहे है।दूसरी ओर विकासखंड के कई ग्रामों में जाने के लिए पक्की सड़क नहीं होने के कारण ग्रामीणों को कीचड़ में शरवोर होकर जाना पड़ता है।

जनपद सीईओ से लेकर अन्य अधिकारियों को कोई खबर नहीं है सरपंच, सचिवों के द्वारा केवल अपना उल्लू सीधा करने से मतलब है । इसकी वजह से गांव में जाने वाली सड़क आज भी कच्ची पड़ी हुई है।इनके वाहन कच्चे रास्तों में फंस जाते हैं स्कूल आने-जाने वाले बच्चों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। गांव गांव वालों की शिकायतों के बाद भी जिम्मेदारियां के द्वारा कजरिया गांव में जाने वाली सड़क का निर्माण नहीं करवाया जाए इसकी वजह से बारिश के दिनों में ग्रामीणों को मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। गांव में जाने वाले जो रास्ता है वह कच्चा है उसमें पानी के साथ कीचड़ हो जाती है तो वाहन फंस जाते हैं।

इन वाहनों को निकालने के लिए भी कई बार दूसरे वाहनों को लाना पड़ता है ,तब जाकर वह निकाल पाते हैं। किसी गरीब के साथ किसी भी तरह की परेशानी होने पर उसको शहर ले जाने के लिए वाहन भी नहीं मिलते हैं । जानकारी होने के बाद भी जिम्मेदार अंजान बने हुए। अब देखना है कि चुनाव से पहले इस गांव में जाने वाले मार्ग का निर्माण हो पाएगा या नहीं विकास का ढोल पीटने वाले भी ध्यान नहीं दे रहे हैं।

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम
कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्रमांक-1, भदभदा रोड, भोपाल
ई-मेल : mpphidcbpl3@gmail.com
क्र./830/तशा/प.यं./2023 दिनांक : 25.08.2023
प्रेस विज्ञप्ति
इस कार्यालय द्वारा आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ परिसर, भोपाल के भू-तल, प्रथम तल व द्वितीय तल टॉयलेट रेनोवेशन एवं सीसीटीव्ही कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा क्रमांक 2023_MPPHC_302156_1 दिनांक 05.09.2023 समय अपरान्ह 17:00 बजे तक खरीदी जा सकती है। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण www.mptenders.gov.in पर देखे जा सकते हैं।
म.प्र. माध्यम/111684/2023 परियोजना यंत्री

# कोच बोले- हमारा लक्ष्य एशियाड में 90 का आंकड़ा टच करना

## भारत की टॉप वेटलिफ्टर मीराबाई चानू चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगी, लेकिन वेट नहीं उठाएंगी

**मुंबई, एजेंसी**

भारत के टॉप वेटलिफ्टर मीराबाई चानू चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगी, लेकिन वेट नहीं उठाएगी। इसका मुख्य कारण आगामी चीन में होने वाले एशियन गेम्स हैं। कोच ने आगे कहा कि, हमारा लक्ष्य एशियन गेम्स में 90 किग्रा का आंकड़ा पार करना है। काफी समय हो गया है जब से हम 90 के मार्क को पार नहीं कर सके है। इवेंट पर हमारी नजर है। अगर जरूरी हुआ तो वह डोप टेस्ट देने जैसे सभी जरूरी प्रोटोकॉल पूरे करेंगी। लेकिन वह कोई वेट नहीं उठाएगी। वह केवल भाग लेने के लिए वहां जा रही हैं। चानू क्लीन एंड जर्क में सबसे आगे हैं लेकिन उनका प्रदर्शन निराशाजनक रहा है।

### 2017 में गोल्ड 2022 में सिल्वर जीता

■ 2017 में चानू वर्ल्ड चैंपियनशिप में गोल्ड और 2022 में सिल्वर मेडल जीत चुकी है। यह टूर्नामेंट चानू के लिए बड़ा नहीं है, लेकिन 2024 ओलंपिक क्वालिफिकेशन रूल के मुताबिक 2023 वर्ल्ड चैंपियनशिप और 2024 वेटलिफ्टिंग वर्ल्ड कप में हिस्सा लेना अनिवार्य है। इस साल की वर्ल्ड चैंपियनशिप और 2024 वर्ल्ड कप के अलावा, चानू को तीन और टूर्नामेंट में भी भाग लेना होगा। इसमें 2023 कॉन्टिनेंटल चैंपियनशिप, 2023 ग्रैंड प्रिक्स 1×2 और 2024 कॉन्टिनेंटल चैंपियनशिप शामिल है। क्वालिफिकेशन पीरियड के बाद इंटरनेशनल वेटलिफ्टिंग फेडरेशन ओलिंपिक क्वालिफिकेशन रैंकिंग के आधार पर लिस्ट जारी करेगा। चानू के हेड कोच विजय शर्मा ने कहा कि, एशियन गेम्स में और वर्ल्ड चैंपियनशिप के बीच बहुत कम समय है। चूंकि वर्लड चैंपियनशिप में भाग लेना अनिवार्य है, इसलिए हमने फैसला किया है कि मीराबाई चानू केवल रियाद जाएंगी और वेट देंगी। दरअसल, वर्ल्ड चैंपियनशिप 4 सितंबर से रियाद में होनी है, जबकि एशियन गेम्स 20 दिन से भी कम समय बाद 23 सितंबर को चीन के हांगझू में शुरू होंगे। दोनों टूर्नामेंट के बीच कम समय होने के कारण एथलीट के लिए हिस्सा लेना मुश्किल हो जाता है। चैंपियनशिप में चानू सिर्फ टूर्नामेंट में कराएंगी और सिर्फ अपना बॉडी वेट देंगी। चानू का वर्ल्ड चैंपियनशिप में जाना होगा, क्योंकि ओलिंपिक क्वालिफिकेशन के लिए एथलीट को यह टूर्नामेंट खेलना जरूरी है।




### प्रतियोगिता में ग्रुप डी में है चानू

■ टोक्यो ओलंपिक के सिल्वर मेडल विनर चानू, 49 किग्रा कैटेगरी में हिस्सा लेती है। हांलांकि वर्ल्ड चैंपियनशिप में केवल 60 किग्रा कैटेगरी में वेट दर्ज किया है। उसके आधार पर उसे प्रतियोगिता के ग्रुप डी में रखा गया है। सबसे ज्यादा एंट्री वेट दर्ज करने वाले एथलीट को ग्रुप ए में रखा जाता है, उसके बाद बी और इसी तरह आगे रखा जाता है।

## एशिया कप : भारतीय टीम की पाकिस्तानी स्पिनर्स से निपटने की तैयारी पूरी

# प्रैक्टिस सेशन: फुल फॉर्म में खिलाड़ी, भारत-पाकिस्तान का मुकाबला कल

**नईदिल्ली, एजेंसी। प्रैक्टिस सेशन में खिलाड़ी फुल फॉर्म में नजर आए। सबसे पहले मैदान पर कप्तान रोहित शर्मा और केएल राहुल बल्लेबाजी करने आए। राहुल और रोहित के बाद बल्लेबाजी करने के लिए विराट कोहली आए। उन्होंने पाकिस्तानी स्पिनर्स शादाब खान और मोहम्मद नवाज से निपटने की तैयारी की। कोहली ने भारतीय स्पिनर्स के सामने बल्लेबाजी की प्रैक्टिस की। फिर विराट ने जडेजा के साथ मिलकर लेफ्ट आर्म पेस के खिलाफ भी तैयारी की।**




पिछले साल ऑस्ट्रेलिया में हुए टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान लीग मैच में भारतीय बल्लेबाजों को पाकिस्तानी पेसर्स के सामने जूझना पड़ा था। इस मुकाबले में भारत के 6 विकेट गिरे थे। जिसमें 3 विकेट पेसर्स ने लिए थे। जबकि 2 स्पिनर्स को मिले और एक रन आउट हुआ था। हालांकि टीम इंडिया को 4 विकेट से जीत मिली थी। वहीं, आईपीएल में 2021 में हुए टी-20 वर्ल्ड कप में भारत को पहली बार वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के हाथों 10 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। टीम इंडिया के टॉप बल्लेबाज लेफ्ट आर्म पेसर शाहीन शाह अफरीदी के सामने विवश नजर आए थे। शाहीन शाह ने केएल राहुल, विराट कोहली और रोहित शर्मा को पवेलियन भेजा था।

बता दें कि 39 साल पहले 1984 में एशिया कप पहली बार संयुक्त अरब अमीरात में खेला गया। इसमें पाकिस्तान, श्रीलंका और भारत ने हिस्सा लिया। टूर्नामेंट राउंड रॉबिन फॉर्मेट में था। सबसे ज्यादा मैच जीतने वाली टीम इंडिया चैंपियन बनी थी। एशिया कप हर 2 साल में एक बार होता है। हालांकि, कुछ मौकों पर देरी भी हुई है। टूर्नामेंट 13 बार वनडे और 2 बार टी-20 फॉर्मेट में, यानी कुल 15 बार खेला गया है। इस बार ये वनडे फॉर्मेट में होगा। देशों के आपसी विवाद और राजनीतिक कारणों से साल 1991 से 2007 के बीच एशिया कप केवल 4 बार ही खेला जा सका था। भारत ने 7 बार एशिया कप का खिताब जीता है। टीम 6 बार वनडे और एक बार टी-20 फॉर्मेट में विजेता रही है। भारत के बाद श्रीलंका 6 बार और पाकिस्तान 2 बार चैम्पियन बना है। बांग्लादेश की टीम 2 बार फाइनल में पहुंची है, लेकिन एक भी खिताब नहीं जीत सकी।

### नंबर-4 पर श्रेयस अय्यर हैं पसंदीदा खिलाड़ी

इस साल फरवरी-मार्च में भारतीय दौरे पर आई ऑस्ट्रेलियाई टीम के साथ टेस्ट सीरीज के दौरान अय्यर चोटिल हो गए थे। तब से वह टीम इंडिया से बाहर चल रहे हैं। एशिया कप से उनकी वापसी हो रही है। अय्यर वनडे में चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए टीम इंडिया के पसंदीदा खिलाड़ी हैं। अय्यर ने इस नंबर पर 20 मैचों में बल्लेबाजी करते हुए 47.35 की औसत से 805 रन बनाए हैं। उन्होंने 2 शतक और 5 अर्धशतक भी जमाए हैं। भारतीय टॉप ऑर्डर के बल्लेबाजों ने पहले दिन छोड़कर बाकी चारों दिन लेफ्ट आर्म फास्ट बॉलर शाहीन शाह अफरीदी और पाकिस्तानी पेसर्स को ध्यान में रखा। चूंकि टीम इंडिया में एक भी लेफ्ट आर्म फास्ट बॉलर एशिया कप की टीम में शामिल नहीं है इसलिए यश दयाल और अनिकेत चौधरी को बुलाया था। वहीं, पेस को ध्यान में रखते हुए उमरान मलिक को नेटबॉलर्स के तौर पर बुलाया था। टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली सहित टॉप ऑडर्स के बल्लेबाज शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने पेसर्स खास तौर से लेफ्ट आर्म फास्ट बॉलर यश दयाल और अनिकेत चौधरी के साथ पसीना बहाया।

### 19 दिन में खेले जाएंगे 13 मैच, फाइनल 17 सितंबर को खेला जाएगा

टूर्नामेंट में 6 टीमें हिस्सा ले रही हैं। 6 टीमों को 2 ग्रुप में बांटा है। भारत, पाकिस्तान और नेपाल ग्रुप-ए में हैं, वहीं बांग्लादेश, श्रीलंका और अफगानिस्तान ग्रुप-बी में हैं। नेपाल पहली बार टूर्नामेंट खेल रही है। नहीं, दोनों ग्रुप के पॉइंट्स टेबल की 2-2 टॉप टीमें सुपर-4 स्टेज में पहुंचेंगी। सुपर-4 स्टेज में सभी टीमें एक दूसरे के खिलाफ मैच खेलेंगी। सुपर-4 स्टेज के पॉइंट्स टेबल में टॉप करने वाली 2 टीमों के बीच फाइनल होगा। 5 सितंबर तक ग्रुप स्टेज के 6 मैच होंगे। 6 से 15 सितंबर तक सुपर-4 स्टेज में भी 6 मैच होंगे। 19 दिन में 13 मैच होंगे पाकिस्तान-श्रीलंका में एशिया कप के सभी मैच होंगे। पाकिस्तान में 4 मैच होने हैं। इनमें एक मैच मुल्तान व तीन लाहौर में होंगे। श्रीलंका में 9 मैच होने हैं। 3 मैच कैंडी और फाइनल समेत 6 मैच कोलंबो में होंगे। टीम इंडिया के सभी मचै श्रीलंका में होंगे। अगर भारत और पाकिस्तान में से कोई एक टीम सुपर-4 राउंड के लिए क्वालिफाई नहीं कर पाती है तो नेपाल उसकी जगह लेगा।

## साउथ अफ्रीका 111 रन से हारी

# टी-20 मैच में ऑस्ट्रेलिया की टीम 1-0 से रही आगे

**डरबन, एजेंसी**

ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की टी-20 सीरीज के पहले मुकाबले में साउथ अफ्रीका को 111 रन से हरा दिया। डरबन में खेले गए टी-20 मैच में साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग का फैसला किया। ऑस्ट्रेलिया ने 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 226 रन बनाए। जवाब में 227 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी साउथ अफ्रीका की टीम ने 15.3 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 115 रन बनाए। इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया सीरीज में 1-0 से आगे हो गया है। कप्तान मिचेल मार्श प्लेयर ऑफ द मैच रहे। अपना पहला टी-20 इंटरनेशनल मैच खेलने वाले तनवीर संघा ने शानदार गेंदबाजी की। पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया टीम की तरफ से कप्तान मिचेल मार्श ने शानदार पारी खेलते हुए 49 गेंदों पर 2 छक्के और 13 चौकों की मदद से नाबाद 92 रन का पारी खेली। उनके अलावा टिम डेविड ने भी 28 गेंदों पर 4 छक्के और 7 चौकों की मदद से 64 रन की बेहतरीन पारी खेली। साउथ अफ्रीका की तरफ से सबसे ज्यादा विकेट लिजार्ड विलियम्स को मिले। उन्होंने तीन विकेट झटके। उनके अलावा मार्को यानसन, गेराल्ड कोएट्जी और तबरेज शम्सी ने एक-एक विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से तनवीर संघा ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ अपना टी-20 इंटरनेशनल डेब्यू किया। 21 साल के तनवीर अपनी टीम की जीत में बड़ी भूमिका निभाई। तनवीर लेग ब्रेक बॉलर हैं। उन्होंने इस मैच में 4 ओवर में 31 रन देकर 4 विकेट लिए। संघा के अलावा मार्कस स्टोइनिस ने तीन विकेट लिए। स्पेंसर जॉनसन को दो और सीन एबॉट को एक विकेट मिला। साउथ अफ्रीका की ओर से रीजा हेंड्रिक्स ने सबसे ज्यादा 56 रन की पारी खेली। कप्तान एडेन मार्करम सिर्फ 7 रन का ही योगदान दे पाए। डसेन ने 21 व मार्को यानसन ने 20 रन की पारी खेली।

## यूएस ओपन: जोकोविच का अगला मुकाबला लास्लो जेरे से होगा

**पेरिस, एजेंसी।** स्टार टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच साल के आखिरी ग्रैंडस्लैम यूएस ओपन के तीसरे राउंड में पहुंच गए हैं। साल 2020 के मेंस सिंगल्स चैम्पियन डोमोनिक थिएम दूसरे दौर में रिटायर होकर बाहर हो गए। वहीं ग्रीस के स्टेफानोस सिटसिपास उलटफेर का शिकार हो गए। विमेंस सिंगल्स की डिफेंडिंग चैम्पियन इगा स्वितेक व अमेरिका की कोको गॉफ ग्रैंडस्लैम के तीसरे राउंड में पहुंच गई हैं। 23 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता जोकोविच ने दूसरे राउंड में स्पेन के बर्नबे जपाटा मिरालेस को सेटों में हराया। जोकोविच ने आर्थर ऐश स्टेडियम कोर्ट पर मिरालेस के खिलाफ 6-4, 6-1, 6-1 से जीत हासिल की। सर्बियाई स्टार का अगला मुकाबला हमवतन लास्लो जेरे से है। डिफेंडिंग चैम्पियन और दुनिया की नंबर एक टेनिस खिलाड़ी स्वितेक ने ऑस्ट्रेलिया की डारिया सैविले को 6-3, 6-4 से हराया। स्वितेक अब अंतिम 16 में जगह बनाने आज स्लोवेनिया की काजा जुवान का सामना करेंगी।

## भारतीय एथलेटिक्स संघ की 2027 वर्ल्ड चैम्पियनशिप की बोली लगाने की योजना

# नीरज बोले- जेवलिन थ्रो भारत में प्रसिद्ध हो गया

**नईदिल्ली, एजेंसी**

वर्ल्ड एथलेटिक चैंम्पियनशिप में गोल्ड मेडल जीतने वाले जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने ज्यूरिख में दावा किया कि 2027 में होने वाले वर्ल्ड एथलेटिक्स चैम्पियनशिप की मेजबानी के लिए भारतीय एथलेटिक्स संघ बोली लगा सकता है। नीरज ज्यूरिख में डायमंड लीग में भाग लेने के लिए गए हुए हैं। उन्होंने भारत की वर्ल्ड एथलेटिक्स चैम्पियनशिप की मेजबानी की संभावना के बारे में पूछे जाने पर नीरज ने कहा, भारत 2027 वर्ल्ड एथलेटिक्स चैम्पियनशिप की मेजबनी की बोली लगाने जा रहा है।



मैं भारतीय फैन्स से अनुरोध करूंगा और मुझे उम्मीद है कि भारी संख्या में लोग उस टूर्नामेंट को देखने के लिए आएंगे। नीरज ने आगे कहा, जेवलिन थ्रो भारत में अब प्रसिद्ध हो गया है। मैंने हमेशा इंटरव्यू में कहा कि हमें एथलेटिक्स को समझने और इसके बारे में जानने की जरूरत है। एथलेटिक्स में बहुत इवेंट हैं। केवल इसमें जेवलिन नहीं होता है। मैं फैन्स को आने के लिए प्रेरित करूंगा। अब भारत में भी काफी संख्या में लोग एथलेटिक्स को सपोर्ट करते हैं और इसका अनुसरण करते हैं। वहीं भारतीय एथलेटिक्स संघ के सूत्र भी बताते हैं कि भारतीय एथलेटिक्स संघ 2027 वर्ल्ड चैम्पियनशिप की बोली लगाने की योजना तैयार कर रही है। इसके लिए सरकार से मंजूरी के लिए अनुरोध करेगी। 2027 वर्ल्ड एथलेटिक्स चैम्पियनशिप की बोली लगाने के लिए आवेदन पत्र जमा करने की आखिरी डेट 2 अक्टूबर है।



## मेट्रो बाजार

# वायकॉम-18 ने बीसीसीआई के साथ किया पांच साल का कॉन्ट्रैक्ट साइन

**नईदिल्ली, एजेंसी**

रिलायंस इंडस्ट्रीज के स्वामित्व वाली ब्रॉडकास्टिंग कंपनी वायकॉम-18 ने भारत में खेले जाने वाले घरेलू व इंटरनेशनल मैच के लिए बीसीसीआई के मीडिया राइट्स 5 हजार 963 करोड़ रुपए में खरीदे हैं। वायकॉम-18 ने टेलीविजन और डिजिटल प्लेटफॉर्म दोनों के लिए मीडिया राइट्स लिए। मीडिया फर्म ने बीसीसीआई के साथ 5 साल का यानी 2028 तक का कॉन्ट्रैक्ट साइन किया है। बीसीसीआईसचिव जय शाह ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी है।

दो पैकेज में बिके राइट्स

मीडिया राइट्स दो पैकेज में बिके। इनमें पैकेज ए टीवी के लिए है। वहीं, पैकेज बी डिजिटल और वर्ल्ड ब्रॉडकास्टिंग राइट्स के लिए है। ब्रॉडकास्ट साइकल सितंबर 2023 से शुरू होकर मार्च 2028 तक होगा। इस दौरान लगभग 88 इंटरनेशनल मैच होंगे। 2023 से 2028 साइकल में भारतीय टीम 88 मुकाबले खेलेगी। इनमें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 21 और इंग्लैंड के खिलाफ 18 मुकाबले होंगे। मीडिया राइट्स के लिए भारतीय बोर्ड ने ई-ऑक्शन कराया। ई-ऑक्शन के दौरान वायकॉम-18 को डिज्नी प्लस और सोनी स्पोर्ट्स से चुनौती मिली। बोर्ड ने पिछले साल आईपीएल मीडिया राइट्स के लिए भी ई-ऑक्शन कराया था। जबकि 2018 में बीसीसीआई राइट्स के लिए ऑफलाइन ऑक्शन हुए थे। जिसमें स्टार इंडिया ने बाजी मारी थी। पिछली नीलामी में भारतीय बोर्ड ने अपने मीडिया राइट्स 6138 करोड़ में स्टार इंडिया को नीलाम किए थे।




# हीरो मोटोकॉर्प की मोस्ट अवेटेड न्यू करिज्मा लॉन्च

**मुंबई।** हीरो मोटोकॉर्प ने आज अपनी मोस्ट अवेटेड करिज्मा को लॉन्च कर दिया है। कंपनी का दावा है कि बाइक 32.8 किमी का माइलेज देती है। कंपनी ने बाइक को 1.73 लाख रुपए के इंट्रोडक्टरी एक्स-शोरूम प्राइस पर लॉन्च किया गया है। लिमिटेड बुकिंग के बाद बाइक कीमत को 10 से 15 हजार रुपए बढ़ा दिया जाएगा। प्रीमियम स्पोर्स्ट्स बाइक को बॉलीवुड एक्टर ऋतिक रोशन ने पेश किया। भारत में ये बाइक यामाहा की ऋ15, बजाज पल्सर 200 को टक्कर देगी। कंपनी ने करिज्मा की बुकिंग ऑनलाइन वेबसाइड और ऑफिशियल डीलरशिप पर शुरू कर दी है। बायर्स बाइक को 3000 रुपए की टोकन मनी देकर बुक कर सकते हैं। इसकी डिलीवरी इसी फेस्टिव सीजन में शुरू की जाएगी। नई करिज्मा में ट्विन एलईडी के साथ एक इल्यूमिनेशन एलईडी प्रोजेक्टर हेडलैंप, फेयरिंग पर एक्सआर बैजिंग, अलॉय व्हील और एक एडजस्टेबल विंडशील्ड मिलता है।



## मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना

### शाहरुख खान बेटी सुहाना के लिए बोले...

# तुम्हें कैमरे के सामने देख बहुत खुशी हो रही है



हाल ही में शाहरुख खान ने अपनी बेटी सुहाना खान की फोटो के साथ सुहाना के लिए नोट शेयर किया। दरअसल,सुहाना खान जल्द ही फिल्म द आर्चीज के साथ डेब्यू करने जा रही हैं। ये फिल्म 7 दिसंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। शाहरुख खान ने सेट से सुहाना की एक फोटो शेयर की है। इस फोटो में सुहाना बेड पर लेटी हुई दिखाई दे रही हैं। इस फोटो में उनके साथ बेड पर एक बिल्ली भी है। शाहरुख खान ने नोट शेयर करते हुए लिखा है- तुम्हें अपनी फेवरेट जगह यानी कैमरे के सामने देखते हुए बहुत खुशी हो रही है। तुम कैमरे के सामने काफी सहज और सुंदर लग रही हो और चमक रही हो। उन्होंने आगे लिखा- हालांकि, ये जो तुम्हारी को-स्टार है, ये बिल्ली इसे अभी कैमरे के सामने आने के लिए थोड़ी और प्रैक्टिस और कोचिंग की जरूरत है। सुहाना ने इस नोट का रिप्लाई करते हुए एक स्टोरी शेयर की। उन्होंने स्टोरी पर लिखा- आई लव यू! और मैं इस प्रोजेक्ट के लिए काफी एक्साइटेड हूं। लेकिन, मुझे लगता है कि ये कैट भी परफेक्ट है।

### फिल्म द आर्चीज में स्टार किड्स आएंगे नजर

फिल्म में शाहरुख खान- गौरी की बेटी सुहाना खान, बोनी कपूर-श्रीदेवी की बेटी खुशी कपूर, अमिताभ बच्चन-जया बच्चन ने नाती अगस्त्य नंदा भी दिखेंगे। इनके अलावा युवराज मेंडा, मिहिर आहूजा, अदिति डॉट और वेदांग रैना भी हैं। ये फिल्म अमेरिकन कॉमिक द आर्चीज का ऐडप्टैशन है। द आर्चीज 1960 की सेटिंग में लिखी गई कमिंग ऑफ ऐज कॉमिक है। कॉमिक में टीनेजर्स के यंग एडल्ट्स बनने तक उनकी दोस्ती और उनकी जिंदगी में आने वाले उतार-चढ़ाव को मजेदार तरीके से बताया गया है।

## उर्वशी का दावा- हर एक मिनट की फीस एक करोड़

उर्वशी रौतेला एक मिनट की परफॉर्मेंस के लिए एक करोड़ रुपए चार्ज करती हैं। ऐसा हम नहीं खुद उर्वशी कह रही हैं। उनसे पूछा गया कि वो देश की हाइएस्ट पेड एक्ट्रेस हैं, यह सुनकर या जानकर उन्हें कैसा लगता है। उर्वशी रौतेला इस बात पर सहमत थीं कि वे देश की हाइएस्ट पेड एक्ट्रेस हैं। उन्होंने यह बात बिल्कुल नहीं नकारा। एक यूजर ने लिखा- इन्हें इतने पैसे देता कौन हैं, इससे भी जरूरी बात..इन्हें देखता कौन है। एक यूजर ने उर्वशी को ट्रोल करते हुए लिखा- ये तो अंबानी को भी टक्कर दे रही हैं। अभी पिछले साल कांस फिल्म फेस्टिवल में भी उर्वशी का एक बयान चर्चा में था।



## सनी बनाना चाहते हैं बॉर्डर का सीक्वल



गुसनी देओल 2015 में ही बॉर्डर का सीक्वल बनाना चाहते थे। हालांकि उस वक्त उनकी कुछ फिल्में फ्लॉप हो गई, जिसकी वजह से बात नहीं बन पाई। सनी देओल ने कहा कि जब उनकी फिल्में फ्लॉप हुईं तो प्रोड्यूसर्स घबराने लगे। उन्हें लगा कि यह भी फिल्म नहीं चल पाएगी। सनी ने कहा कि अब जबकि गदर-2 ब्लॉकबस्टर हो गई है, तो सभी फिर से इसे बनाने की सोच रहे हैं। सनी देओल से पूछा गया कि क्या गदर की तरह बॉर्डर का भी सीक्वल बनने जा रहा है। जवाब में रणवीर अल्हाबादिया से बात करते हुए सनी ने कहा- सुन तो मैं भी रहा हूं। ये हम बहुत पहले करने वाले थे। पर उस वक्त मेरी फिल्म नहीं चली। लोग घबरा कर पीछे हटने लगे। अब सभी दोबारा फिल्म बनाने की बात कह रहे हैं। सनी देओल चाहते हैं कि बॉर्डर का सीक्वल बने। उन्होंने आगे कहा- वो कैरेक्टर बहुत प्यारे थे। मुझे लगता है कि इसके कैरेक्टर्स को एक्सटेंशन तो मिलना चाहिए, लेकिन कहानी भी वैसी ही होनी चाहिए।

# दसवीं के छात्र का कार में अपहरण, मिनाल ले जाकर मारपीट



## मारपीट और धमकी से डरे छात्र ने एक सप्ताह बाद परिजन को बताई घटना, पुलिस ने दर्ज किया दो आरोपियों पर मामला

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

अयोध्या नगर थाना क्षेत्र में दसवीं के छात्र का कार में अपहरण कर ले जाने और अड़ीबाजी करते हुए उससे मारपीट करने का मामला सामने आया है। घटना गत 23 अगस्त की रात की बताई जा रही है। पुलिस ने छात्र की शिकायत पर दो नामजद आरोपियों के खिलाफ अपहरण, गालीगलौज, मारपीट, अड़ीबाजी समेत पाक्सो एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। एसआई विनोद पंथी ने बताया कि 17 साल का नाबालिग इलाके में रहता है। वह दसवीं कक्षा में पढ़ता है। उसके मोहल्ले में रहने वाले अरुण बदरेले और अमन कोरी से उसकी दोस्ती है। गत 23 अगस्त की रात अरुण और अमन कोरी उसे मोहल्ले में मिले। दोनों ने नाबालिग को कार में बिठा लिया और कहा कि चलों घूमकर आते हैं। इसके बाद आरोपी उसे मिनाल लेकर पहुंचे और वहां शराब पीने के लिए पैसे मांगे। नाबालिग ने उन्हें कहा कि उसके पास पैसे नहीं है तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और उसे अपने साथ कार में घुमाते रहे। मारपीट के बाद देर रात आरोपियों ने उसे मोहल्ले में छोड़ दिया था। वारदात के बाद आरोपियों ने उसे धमकी दी थी कि यदि यह बात किसी से कही तो वह उसे जान से खत्म कर देंगे। डर के कारण नाबालिग ने परिजन को घटना की जानकारी नहीं दी। वह गुमशुम रहने लगा था।

परिजन ने उससे गुमशुम रहने का कारण पूछा तो उसने अरुण बदरेले और अमन कोरी द्वारा कार में ले जाकर मारपीट करने और अड़ीबाजी की बात बताई। गुरुवार शाम परिजन उसे थाने लेकर पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई।

### शराब दुकानें देर रात तक चलाए जाने से लोगों को भी आपत्ति

# दिखावा साबित हो रहा आबकारी का एक्शन, ठेकेदार नहीं मान रहे नियम

- कई बार हो चुका है विवाद, लेकिन आबकारी के अधिकारी नहीं बनवा पा रहे व्यवस्था
- इधर एक शराब दुकान और बार के लाइसेंस निलंबित, 10 हजार का जुर्माना लगाया






**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

शहर में शराब दुकानों को लेकर की जा रही कार्यवाही दिखावा साबित हो रही है। ठेकेदार और उनसे जुड़े कई लोग आबकारी के नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। दूसरी तरफ देर रात को इन दुकानों से शराब खरीदकर पीने वाले सड़कों और मोहल्लों में कई बार अभद्रता करते हैं, विवाद की स्थिति बन रही है। कई कॉलोनियों के रहवासी देर रात तक शराब दुकानें खुली रखने, रहवासी क्षेत्रों में दुकानों का संचालन करने जैसे मामलों को लेकर विरोध प्रदर्शन कर चुके हैं। तब भी आबकारी और उनसे जुड़े अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं। हालांकि हालांकि गुरुवार को शराब दुकान और दो बार के एक से तीन दिन तक के लिए लाइसेंस निलंबित कर दिए हैं। दो दुकानों पर 10-10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

### यहां चल रही थी रात में दुकानें व बार

- अयोध्यानगर में संचालक द्वारा देर रात तक शराब दुकान खोली जा रही थी। इसी वजह से दुकान का लाइसेंस तीन दिन एक से तीन सितंबर के लिए निलंबित किया गया है।
- बागसेवनिया में दुकान संचालक अधिक मूल्य पर बिक्री कर रहा था, इससे दो सितंबर के लिए उसका लाइसेंस निलंबित कर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है।
- त्रिलंगा स्थित दुकान पर भी अधिक मूल्य पर शराब बेची जा रही थी, जिससे पांच सितंबर के लिए लाइसेंस निलंबित करने के साथ ही 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है।
- नेहरू नगर,चांदबड़,वाइव रेस्टोरेंट रेस्तरांबार, करोंद चौराहा, अन्ना नगर, डीआईजी बंगला,सीहोर नाका, बस स्टेंड हमीदिया, पुल बोगदा,डिपो चौराहा और होटल प्रसीडेंट एंड बार के संचालक द्वारा भी देर रात या फिर सुबह जल्दी दुकान खोल कर शराब बेची जा रही थी। इन सभी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर नोटिस जारी किए गए हैं।

### पटवारी हड़ताल पर



भोपाल। पटवारियों द्वारा मांगों को लेकर हड़ताल की जा रही है। कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित तहसील कार्यालय के बाहर जिले के बड़ी संख्या में पटवारियों ने धरने पर बैठकर चेतावनी दी।

## तीन सेवानिवृत्त कर्मचारियों को डीजीपी ने दी भावभीनी विदाई

**भोपाल।** पुलिस मुख्यालय की विभिन्न शाखाओं से माह अगस्त में सेवानिवृत्त तीन कर्मचारियों को पुलिस महानिदेशक सुधीर सक्सेना ने गुरुवार को भावभीनी विदाई दी। पुलिस महानिदेशक तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने सभी को प्लांट एवं स्मृति चिन्ह भेंट किए और उनके स्वस्थ एवं सुखी जीवन की कामना की। सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनके विभिन्न स्वत्व (क्लेम) भुगतान के आदेश भी प्रदान किए गये। नवीन पुलिस मुख्यालय भवन, कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित विदाई समारोह में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विजय कटारिया सहित अन्य पुलिस अधिकारी, कर्मचारी एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों के परिजन उपस्थित थे। पुलिस मुख्यालय से सेवानिवृत्त मानसेवी उप पुलिस अधीक्षक विशेष शाखा अवधेश कुमार सिंह, मानसेवी उप पुलिस अधीक्षक पीटीआरआई पुलिस मुख्यालय जंगबहादुर राय तथा मानसेवी उप पुलिस अधीक्षक नारकोटिक्स शाखा श्री आरएस कौरव को पुलिस मुख्यालय परिवार ने गुरुवार को भावभीनी विदाई दी।

## अंजली परिसर में कटा पैर मिलने के बाद नाले में सर्चिंग कर रही पुलिस

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

माता मंदिर के पास अंजली काम्पलेक्स में मेन रोड पर कटा हुआ पैर मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने पैर को जब्त कर जांच के लिए भेज दिया है। यह पैर किसका है और यहां पर कैसे आया, इसके लिए इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

टीटी नगर पुलिस के मुताबिक गुरुवार रात करीब पौने नौ बजे सूचना मिली कि अंजली काम्पलेक्स स्थित ब्लाक नंबर 17 के सामने मेन रोड पर एक कटा हुआ मानव पैर पड़ा हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल को सुरक्षित किया और एफएसएल टीम को बुलाया। बाद में पैर की फोरेंसिक जांच के लिए भेज दिया गया। घटनास्थल का निरीक्षण करने पर यह पैर किसी महिला का होने का अनुमान व्यक्त किया गया है। हालांकि पैर में कीड़े लग चुके थे और वह डीकम्पोज हो गया था। इलाके में नालों की साफ-सफाई का काम भी चल रहा है। यह पैर किसी कचरे की गाड़ी से गिरा अथवा कोई आवारा कुत्ता उसे कहीं से उठाकर लाया, इसका पता नहीं चल पाया है। यह भी देखा जा रहा है कि क्या किसी अस्पताल की मेडिकल वैन तो यहां से नहीं निकली, जिससे किसी मरीज का पैर गाड़ी से गिरा हो। पुलिस का कहना है कि इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पैर से जुड़ा शरीर का अन्य कोई हिस्सा आसपास के इलाके में फिलहाल नहीं मिला है। पुलिस का कहना है कि नगर निगम द्वारा हाल ही में नाले की सफाई की जा रही है। यह भी अनुमान है कि नाले से कचरे के साथा कचरा गाड़ी में यह पैर आकर यहां गिरा होगा। लिहाजा पुलिस ने नाले में सर्चिंग शुरू कर दी है।

## लकवा की बीमारी से परेशान युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित तुलसी नगर में तुलसी टावर के पास रहने वाले एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। गुरुवार दोपहर बहन ने उसकी लाश खिड़की की ग्रिल पर गमछे के सहारे फंदे पर लटकी देखी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस को मृतक के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि मृतक लकवा की बीमारी से परेशान था। वह ठीक से चल नहीं सकता था और उसे बोलते भी नहीं बनता था। अनुमान है कि बीमारी से परेशान होकर उसने यह कदम उठाया है।

एएसआई राजेंद्र मिश्रा ने बताया कि विकास कोसरे (38) तुलसी टावर के पीछे तुलसी नगर में रहता था। वह प्राइवेट काम करता था, लेकिन कुछ समय पहले उसे लकवा लग गया और वह घर पर ही रहने लगा। विकास की मां और पिता का पूर्व में निधन हो चुका है। परिवार में विकास और उसकी दो बहने रहती हैं। एक बहन प्राइवेट काम करती है, जबकि दूसरी बहन विकास की देखरेख में घर में रहती थी। तीनों बहन भाई गुरुवार को घर में ही थे। इस दौरान दोपहर में विकास में अंदर वाले कमरे की खिड़की की ग्रिल पर गमछे का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। बहनों की नजर उस पर पड़ी तो काफी देर हो चुकी थी। बहनों ने घटना की जानकारी अपने मामा विनय बाघमारे को दी। वह घर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी गई।

## मोतीपुरा में किसान ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**



बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित गांव मोतीपुरा में गुरुवार शाम एक किसान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया था। आज पीएम के बाद परिजन को शव सौंपा जाएगा।

एसआई पीआर धुर्वे ने बताया कि खुमान सिंह मीणा (45) गांव मोतीपुरा बैरसिया में रहते थे और खेती किसानी करते थे। उनके बा? में मकान और मकान से कुछ दूरी पर भूसा रखने के लिए टपरा बना है। गुरुवार शाम करीब छह बजे उनका बेटा आकाश मीणा टपरे में मवेशियों के लिए भूसा लेने गया?था। इसी बीच उसने पिता को फांसी के फंदे पर लटका देखा। उसकी चीखपुकार सुनकर परिजन और पड़ोस में रहने वाले चाचा गोपाल सिंह मीणा पहुंच गए थे। इसके बाद खुमान सिंह को फंदे से उतारकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बैरसिया ले जाया गया। वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। सुसाइड नोट नहीं मिलने और परिजन के बयान नहीं होने से आत्महत्या की वजह साफ नहीं हो सकी है।

# बीआरटीएस लेन में एंबुलेंस की चपेट में आए मृतक की हुई पहचान

## सुरेंद्र लैंडमार्क मेडिकल में काम करने वाले अपने रिश्तेदार से मिलने आए थे मृतक

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित सुरेंद्र लैंडमार्क के सामने गुरुवार दोपहर करीब सा? तीन बजे के आसपास तेज रफ्तार एंबुलेंस ने एक बुजुर्ग को टक्कर मार दी थी। रफ्तार में टक्कर लगने से बुजुर्ग करीब पंद्रह फीट दूर उछलकर गिरा था। हादसे के बाद उसे एम्स ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद गुस्साए लोगों ने एंबुलेंस पर पथराव करा दिया था। शुक्रवार सुबह मृतक की पहचान करने के बाद उसका शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया गया।




पुलिस के अनुसार गुरुवार दोपहर करीब सा? तीन बजे सूचना मिली थी कि सुरेंद्र लैंडमार्क के सामने एक बुजुर्ग को एंबुलेंस ने टक्कर मार दी है। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो वहां एक ओमनी वैन (एंबुलेंस) खड़ी नजर आई। उस एंबुलेंस में कुछ लोगों ने पथराव कर कांच तोड़ दिए थे। इसी बीच पुलिस ने प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ की तो पता चला कि एंबुलेंस भोपाल से मंडीदीप की तरफ बीआरटीएस में जा रही थी। इसी बीच सुरेंद्र लैंडमार्क के एक बुजुर्ग सड़क पार कर रहा था। एंबुलेंस रफ्तार में होने के कारण उक्त व्यक्ति एंबुलेंस से टकराकर करीब पंद्रह मीटर दूर गिरा था। उसे 108 एंबुलेंस की मदद से एम्स ले जाया गया, वहां प्राथमिक जांच में ही डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पास से ऐसा कोई भी दस्तावेज नहीं मिला है, जिससे की उसकी शिनाख्त की जा सके। हादसे के समय एंबुलेंस में ड्राइवर के अलावा एक महिला मौजूद थी। यह भी बताया जा रहा है कि महिला मरीज नहीं थी, बल्कि ड्राइवर की परिचित थी। एंबुलेंस होशंगाबाद रोड स्थित एक निजी अस्पताल की बताई जा रही है।

### रिश्तेदार से मिलकर घर लौट रहे थे बुजुर्ग

रात में घर नहीं लौटने के कारण मृतक के परिजन उनका इंतजार कर रहे थे। इस दौरान उन्हें देर रात हादसे की जानकारी लगी और शुक्रवार सुबह वे मर्चूरी पहुंचे थे। मर्चूरी में पुलिस ने उन्हें शव दिखाया और परिजन ने मृतक की पहचान कर ली। मृतक के परिजन ने बताया कि गोकुल प्रसाद मीणा पिता शोभाराम मीणा (63) दाना पानी रोड, ईश्वर नगर, ई-6 शाहपुरा में रहते थे। उनका कोई रिश्तेदार सुरेंद्र लैंडमार्कमें मेडिकल स्टोर में काम करता है। गुरुवार दोपहर वह मेडिकल स्टोर से रिश्तेदार से मिलकर बीआरटीएस लेन पार करते हुए घर जाने के लिए निकले थे। इस दौरान एंबुलेंस के ड्राइवर ने उन्हें टक्कर मार दी।

**मेट्रो एंकर** | डॉक्टर ने पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप, कहा कॉलोनी में दर्जन भर चोरी

# डॉक्टर के सूने मकान से नगदी समेत लाखों की चोरी, अब तक नहीं लगा चोरों का सुराग

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित न्यू चौकसे नगर, लांबाखेड़ा में डॉक्टर के सूने मकान का ताला तोड़कर बदमाश बीस हजार रुपए की नगदी समेत सोने चांदी के जेवरात चुराकर ले गए थे। चार दिन बीत जाने के बाद भी चोरों का सुराग नहीं लग सका। डॉक्टर ने पुलिस पर लापरवाही बरतने के गंभीर आरोप लगाएं है। उन्होंने बताया कि पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है। उन्होंने कुछ संदेहियों के बारे में पुलिस को बताया था, लेकिन पुलिस ने अभी तक उनसे भी पूछताछ नहीं की। पुलिस का कहना है कि लगातार वारदात होने के कारण इलाके में गश्त बढ़ा दी गई। उक्त वारदात किसी प्रोफेसनल गिरोह के द्वारा की गई है। दरअसल, गिरोह सीसीटीवी कैमरे से बचता हुआ अंदर पहुंचा था और डीबीआर भी साथ ले गया है।

**एक भी चोरी का नहीं हो सका खुलासा**



जानकारी के अनुसार डॉक्टर रवि प्रकाश राठौर (35) न्यू चौकसे नगर, लांबाखेड़ा में रहते हैं। वे सलामतपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में नौकरी करते हैं। उनकी पत्नी भी सलामतपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में नौकरी करती है। गत 23 अगस्त को वह पत्नी के साथ सलामतपुर ड्यूटी चले गए थे। सलामतपुर में उनका शासकीय आवास हैं। वहां रविवार 27 अगस्त को घर पहुंची तो पता चला कि मकान के मुख्य गेट का सेंट्रल लॉक टूटा हुआ है। अंदर जाकर देखा तो घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था। बदमाश अलमारी से बीस हजार रुपए की नगदी समेत जेवरात चुराकर ले गए थे। डॉक्टर रवि प्रकाश ने बताया कि उनके घर से पांच लाख का सामान चोरी हुआ है। बावजूद इसके पुलिस केवल एफआईआर दर्ज कर सकी। पुलिस को जिन संदेहियों के बारे में बताया था पुलिस ने उनसे पूछताछ भी नहीं की है।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत



**भोपाल।** छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित रेलवे ट्रैक निशातपुरा में एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। युवक की पहचान जनता कालोनी करोंद में रहने वाले सख्श के रूप में कर ली गई है। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई कि वह शराब पीने का आदी था। अनुमान है कि नशे में ट्रैक पार करते समय वह ट्रेन की चपेट में आया है। हालांकि पुलिस आत्महत्या और हादसा दोनों ही पहलुओं पर जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार रेलवे ट्रैक निशातपुरा से गुरुवार सुबह एक युवक का शव बरामद किया था। मृतक का हुलिया सोशल मीडिया पर वायरल किया गया। इस दौरान मृतक के जीजा राम निवास गुप्ता ने मृतक की पहचान अपने साले के रूप में कर ली। उन्होंने पुलिस को बताया कि मृतक उनका दीपक पिता गोविंद यादव (30) है। दीपक उनके साथ मकान नंबर 113, जनता कॉलोनी करोंद, निशातपुरा में रहता था और प्राइवेट काम करता था। दीपक शराब पीने का आदी था। बुधवार रात से ही वह घर नहीं पहुंचा था। गुरुवार सुबह उसकी लाश रेलवे ट्रैक पर मिली।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया** **संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 (*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022